माघ कृष्णा - 8 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 188 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 03-02-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 अब आधी आबादी को विधानसभा और संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता : योगी

6 सहयोगी दलों की भावनाओं को समझे कांग्रेस

7 स्पाई यूनिवर्स में हुई आलिया भट्ट की एंट्री, जासूस के रूप में आएंगी नजर






## फर्स्ट टेक

### डाकघरों में बिना दावे के 25,480 करोड़ रुपए जमा

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा को सूचित किया कि देश के डाकघरों के विभिन्न खातों में बिना दावे के 25,480 करोड़ रुपए जमा हैं और वह संबंधित परिवारों से संपर्क कर उन्हें राशि लौटाने के लिए प्रयास कर रही है। संचार राज्य मंत्री देवू सिंह चौहान ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाकघर खातों में बिना दावे के 25,480 करोड़ रुपए की राशि जमा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में डाक विभाग ने पहल की है और ऐसे लोगों के परिवारों से संपर्क कर उन्हें उनकी राशि देने की कोशिश कर रहा है।

### केन्या की राजधानी में भीषण गैस विस्फोट, तीन की मौत, 200 से अधिक घायल

**नैरोबी (केन्या)/एपी।** केन्या की राजधानी नैरोबी में शुक्रवार तड़के गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक में विस्फोट होने से कई मकान एवं गोदाम जल गए तथा इसके कारण कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राधिकारियों ने मृतक संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। सरकार के प्रवक्ता इसाक मावौरा ने बताया कि अधिकतर लोग देर रात उस समय अपने घरों के ही अंदर थे, जब उनमें आग लगी। प्रवक्ता ने बताया कि अज्ञात पंजीकरण संख्या वाले और गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक में विस्फोट हो गया, जिससे भीषण आग लग गई। एक उड़ता हुआ गैस सिलेंडर 'ओरिएंटल गोदाम' से टकराया, जिससे कपड़ों का यह गोदाम जलकर खाक हो गया।

### उत्तर कोरिया ने फिर क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया

**सियोल/एपी।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया ने अपने पश्चिमी तट के निकट जलक्षेत्र में शुक्रवार को कई क्रूज मिसाइलें दागी हैं। उत्तर कोरिया ने यह कदम अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उठाया है और वह लगातार हथियारों का परीक्षण कर रहा है।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 03-02-2024 6:10 बजे | सूर्योदय 04-02-2024 6:34 बजे |
| BSE 72,085.63 (+440.34) | NSE 21,853.80 (+156.35) |
| सोना 6,522 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 78,000 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**बजट राय**

बिना पढ़े कर रहे समीक्षा,
अब की बार बजट है खारा।
फिर कैसे बतलाओ भाई,
सूचकांक का उछला पारा।
संभव नहीं सभी खुश होवें,
सबका बजट सदा है न्यारा।
अच्छा बजट वही है जिससे,
देश तरक्की करे हमारा।।

हमारे तीसरे कार्यकाल में

# भारत निश्चित तौर पर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में यह निश्चित रूप से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस साल अप्रैल-मई में आम चुनाव होने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने यहां 'भारत मोबिलिटी' वैश्विक प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए ट्रक और टैक्सी चालकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे पहले चरण में 1,000 आधुनिक विश्राम गृह बनाए जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना निश्चित है।




मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले करीब 10 साल में 12 करोड़ वाहन बिके थे। लेकिन 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से अधिक वाहन बेचे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले करीब 2,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे थे जबकि अब 12 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में यात्री वाहनों के मामले में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की प्रगति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हम समुद्र और पहाड़ों को चुनौती देते हुए रिकॉर्ड समय में 'इंजीनियरिंग करिश्मा' तैयार कर रहे हैं। अटल सुरंग से लेकर अटल सेतु तक, भारत का ढांचागत विकास नए रिकॉर्ड बना रहा है। पिछले 10 साल में, 75 नए हवाई अड्डे बनाए गए हैं। लगभग चार लाख ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं। उन्होंने उद्योग जगत से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग करके बैटरी बनाने के लिए अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने को भी कहा।

# चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया का उज्ज्वल स्थान बना रहेगा : गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का कहना है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को प्रभावित किया है, लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद भारत विदेशी कंपनियों के लिए दुनिया का उज्ज्वल स्थान बना रहेगा।

बजट के बाद गोयल ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) या द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) पर हस्ताक्षर करते समय सरकार हमेशा यह सुनिश्चित करती है कि सभी शर्तें भारत के लिए सर्वोत्तम हों।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को अपने अंतरिम बजट भाषण में कहा था कि भारत ''पहले भारत को विकसित करो'' के रुख के साथ विभिन्न देशों के साथ बीआईटी पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा था कि भू-राजनीतिक रूप से लेकर वैश्विक मामले युद्धों और संघर्षों के साथ अधिक जटिल तथा चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं। गोयल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, वैश्विक अनिश्चितता ने निश्चित रूप से एफडीआई को प्रभावित किया है, खासकर यह देखते हुए कि अमेरिका तथा अन्य विकसित देशों में ब्याज दरों में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी देखी गई है।



मंत्री ने कहा, भारत की आकांक्षी आबादी और अन्य समर्थक हमें यह विश्वास दिला रहे हैं कि सभी प्रतिकूलताओं के बावजूद भारत वृद्धि करना जारी रखेगा, भारत दुनिया का उज्ज्वल स्थान बना रहेगा।

स्टार्टअप के लिए कर प्रोत्साहन बढ़ाने के प्रस्ताव के प्रभाव पर पूछे जाने पर गोयल ने कहा कि इसका मकसद देश के स्टार्टअप परिवेश को प्रोत्साहित करना है।

कर या आयात शुल्क में बदलाव न करने के वित्त मंत्री के फैसले पर गोयल ने कहा, यह उचित है कि उन्होंने रियायतें देने या दरों में कोई बदलाव करने के प्रलोभन से खुद को दूर रखा है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। देश में आम चुनाव के बाद सत्ता में आने वाली सरकार जुलाई में पूर्ण बजट पेश कर सकती है।

# चंपई सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने उन्हें यहां राजभवन में पद की शपथ ग्रहण कराई। चंपई सोरेन के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता सत्यानंद भोक्ता ने राज्य के मंत्रियों के रूप में शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित किया गया और इस अवसर पर झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।



आदिवासी नेता चंपई सोरेन (67) राज्य के 12वें मुख्यमंत्री हैं। वह झारखंड के कोल्हान क्षेत्र से छठे मुख्यमंत्री हैं। कोल्हान क्षेत्र में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं।

चंपई सोरेन को राज्यपाल ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। इससे पहले चंपई सोरेन ने राज्यपाल से सरकार बनाने के उनके दावे को जल्द से जल्द स्वीकार करने का आग्रह किया था, क्योंकि राज्य में 'भ्रम' की स्थिति बनी हुई थी और प्रदेश में कोई मुख्यमंत्री नहीं था।

यह स्थिति बुधवार को हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद से राज्य में मुख्यमंत्री न होने की वजह से थी और इसके कारण राजनीतिक संकट गहरा गया था।

### जम्मू-कश्मीर राजमार्ग बंद, 400 से अधिक वाहन फंसे

**श्रीनगर/भाषा।** केंद्रशासित प्रदेश का महत्वपूर्ण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के कारण शुक्रवार को दूसरे दिन भी



यातायात के लिए बंद रहा। अधिकारी भूस्खलन के मलबे को हटाने और कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले राजमार्ग पर यातायात बहाल करने की कोशिश में लगे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राजमार्ग पर विभिन्न स्थानों पर 400 से अधिक वाहन फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि राजमार्ग पर शेरबीबी, मागेरकोटे, मेहद कैफेटेरिया और दलवास सहित कई स्थानों पर भूस्खलन के बाद बृहस्पतिवार को 270 किलोमीटर लंबी सड़क यातायात के लिए बंद कर दी गई थी।

# उत्तराखंड में लागू होगा समान नागरिक संहिता : धामी

**नई दिल्ली/देहरादून/एजेन्सी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य विधानसभा में व्यापक चर्चा के बाद समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू किया जाएगा। धामी ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए इस आशय की बात कही। उन्होंने कहा कि यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करने वाली समिति की ओर से इसका ड्राफ्ट उन्हें सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि 740 पृष्ठों की चार वोल्यूम में तैयार की गई इस विस्तृत ड्राफ्ट रिपोर्ट को पांच फरवरी से आयोजित हो रहे राज्य विधान सभा के सत्र में सभी दलों के सदस्यों के साथ व्यापक चर्चा एवं विचार विमर्श के बाद, अधिनियम के रूप में तैयार कर राज्य में लागू कर दिया जायेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से हमने 2022 के विधान सभा चुनाव में प्रदेश की जनता से वायदा किया था कि चुनाव के बाद राज्य में समान नागरिक संहिता कानून लागू किया जायेगा।

## मेला



शुक्रवार को फरीदाबाद में 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के उद्घाटन के दौरान अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए कलाकार।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने लोकसभा में कहा

# डॉक्टर अधिक शुल्क नहीं वसूलें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश में स्वास्थ्य का क्षेत्र सेवा का है, व्यवसाय का नहीं और निजी अस्पतालों में मरीजों से अधिक शुल्क वसूले जाने की शिकायत के लिए एक प्रणाली स्थापित है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने लोकसभा में भाजपा सांसद गोपाल शेट्टी के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बात कही।

शेट्टी ने निजी अस्पतालों के खिलाफ अधिक शुल्क वसूली की शिकायतों पर चिंता जताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के बारे में पूछा था।

उत्तर में मांडविया ने कहा कि इस तरह की शिकायतों के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग में एक 'एथिक्स बोर्ड' है जिसमें शिकायत करने पर कार्रवाई की जाती है।




स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कई बार शिकायतों का निवारण करते हुए अस्पतालों से मरीजों का पैसा वापस करने को भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि देश में स्वास्थ्य का अलग मॉडल है और यह एक सेवा है, व्यापार नहीं। मांडविया ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान अस्पतालों में डॉक्टरों और सहायक कर्मियों की पूरी तरह उपस्थिति ने भी इस बात को प्रमाणित किया।

मांडविया ने कहा कि अस्पताल आजीविका का माध्यम हो सकते हैं लेकिन नैतिक रूप से डॉक्टर अधिक पैसे नहीं लें, इसके लिए प्रणाली है।

स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती पंवार ने कांग्रेस के एमके विष्णु प्रसाद के एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि बच्चों में दिव्यांगता और ऑटिज्म जैसी समस्या के लिए स्क्रीनिंग और उपचार के ढांचे का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की स्क्रीनिंग के लिए हर जिले में शिविर लगाया जाता है और स्क्रीनिंग के बाद आवश्यकता होने पर बच्चों के मुफ्त ऑपरेशन के लिए तारीख दी जाती है।

### अभिनेता विजय ने किया राजनीति में प्रवेश

**चेन्नई।** अभिनेता विजय ने अभिनय से राजनीति में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने अपनी पार्टी के नाम की घोषणा की है। विजय ने पार्टी का नाम तमिलगा वेट्री कज़म रखा है। विजय ने बयान जारी करते हुए कहा- हम 2024 का चुनाव नहीं लड़ने जा रहे हैं और हम किसी पार्टी का समर्थन करने नहीं जा रहे हैं। हमने यह निर्णय सामान्य और कार्यकारी परिषद की बैठक के लिए किया है। उन्होंने राजनीतिक दल 'तमिझागा वेत्री कषगम' (टीवीके) का गठन किया है और 2026 का तमिलनाडु विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। विजय ने एक बयान में कहा कि राजनीति कोई पेशा नहीं, बल्कि ''पवित्र जनसेवा'' है। ''तमिझागा वेत्री कषगम'' का शाब्दिक अर्थ ''तमिलनाडु विजय पार्टी'' है।



# सोमालिया के पूर्वी तट में तैनात की जा रहीं भारतीय नौसेना की इकाइयां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर मालवाहक जहाजों के संरक्षण के लिए भारतीय नौसेना की इकाइयों को जिबूती, अदन की खाड़ी, सोमालिया के पूर्वी तट के साथ ही उत्तर और मध्य अरब सागर में तैनात किया जा रहा है।

रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि नौसेना ने अदन की खाड़ी और अफ्रीका के पूर्वी तटीय क्षेत्र में जलदस्यु रोधी गश्ती के लिए 2008 से अपनी इकाइयों को तैनात किया था और कुल 3,440 जहाजों और 25 हजार से अधिक नाविकों को सुरक्षा प्रदान की गई।



लाल सागर में नवंबर महीने से ईरान समर्थित हूती उग्रवादियों द्वारा अनेक मालवाहक जहाजों पर हमलों को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं। माना जाता है कि गाजा में इजराइल के सैन्य हमलों के जवाब में मालवाहक जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं।

रक्षा राज्य मंत्री ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि नौसेना हमलों में शामिल सूत्रों और भागीदारों की पहचान करने के लिए मित्र देशों के साथ सूचना साझा कर रही है।

भारतीय नौसेना ने पिछले कुछ सप्ताह के दौरान अरब सागर में अनेक मालवाहक पोतों पर हमलों के बाद उन्हें सहायता प्रदान की है।

भट्ट ने कहा कि नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय और क्षेत्र से परे नौसेनाओं तथा समुद्री बलों के साथ सक्रियता से काम कर रही है।



# झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन के विधायक शुक्रवार को हैदराबाद पहुंचे।

ये विधायक हैदराबाद इसलिए आए हैं, क्योंकि गठबंधन को आशंका है कि विश्वास मत से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनकी खरीद-फरोख्त का प्रयास कर सकती है।

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि करीब 40 विधायक दो उड़ानों से यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पर पहुंचे। कांग्रेस की तेलंगाना प्रभारी दीपा दास मुंशी और राज्य के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने विधायकों की अगवानी की।

फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि कि सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों को कहां ठहराया जाएगा।

सत्तारूढ़ गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने रांची में कहा था कि विधायकों को कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में भेजने का निर्णय यह देखते हुए लिया गया कि विपक्षी दल भाजपा उनकी खरीद-फरोख्त करने का प्रयास कर सकती है।

वरिष्ठ नेता ने कहा, हमें सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है। हम इस दौरान कोई जोखिम नहीं ले सकते, क्योंकि भाजपा हमारे विधायकों से संपर्क करने की कोशिश कर सकती है।

झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक वीडियो में 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 43 विधायकों का समर्थन दिखाया गया है।

## खुले में पड़े विस्फोटक उपकरण को कुत्ते ने चबाया, धमाके के बाद मौत

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में खुले में फेंके गए विस्फोटक उपकरण को एक कुत्ते ने चबा लिया जिसके बाद उसमें विस्फोट हो गया और जानवर की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार की रात शाहपुर के एक फार्महाउस में हुई।

फार्महाउस के चौकीदार बालू दामू महालुंगे (50) ने पुलिस को बताया कि परिसर में रहने वाला एक कुत्ता बाहर से मुंह में एक वस्तु लेकर लौटा था। अधिकारी ने बताया कि कुत्ते ने उस वस्तु को चबाया जिससे विस्फोट हो गया और जानवर की मौत हो गई। चौकीदार ने बताया कि फार्महाउस में रहने वाला अन्य कुत्ता इसी तरह पहले बाहर से लाई गई किसी चीज को चबाने के बाद घायल हो गया था। संदेह है कि संभवतः जंगली जानवरों का शिकार करने के इरादे से विस्फोटक उपकरण खुले में छोड़े गए थे। शाहपुर पुलिस ने भादंसं की धारा 429 (मवेशी या किसी जानवर को मारने या नुकसान पहुंचाने की कार्रवाई) और 435 (नुकसान पहुंचाने के इरादे से आग या विस्फोटक पदार्थ का उपयोग) के तहत मामला दर्ज किया है।

# ‘लोग राम मंदिर को लेकर खुश हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे भाजपा को वोट देंगे’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नासिक/भाषा।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि लोग अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से खुश हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मंदिर मुद्दे पर वोट देंगे। ठाकरे ने, हालांकि अपनी पार्टी के लोकसभा चुनाव लड़ने के बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कहा।

मनसे नेता ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कोई भी (लोकसभा चुनाव के) परिणाम की भविष्यवाणी नहीं कर सकता। चुनाव होने दीजिए। लोग राम मंदिर से खुश हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे भाजपा को वोट देंगे। राज्य के विपक्षी गुट में मनसे के शामिल होने संबंधी सवाल पर ठाकरे ने पलटवार करते हुए कहा, महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के साथ कौन जाना चाहता है?'' मराठा आरक्षण मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर मनसे प्रमुख ने कहा कि आरक्षण की मांग को छोड़कर समुदाय की सभी मांगों को स्वीकार लिया गया है।

ठाकरे ने कहा कि वह शनिवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलेंगे और अपनी पार्टी द्वारा जुटाए गए टोल प्लाजा के आंकड़े साझा करेंगे। उन्होंने कहा, दुनिया भर में टोल वसूला जाता है। मैं टोल वसूली के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन लेनदेन में पारदर्शिता होनी चाहिए। अगर पैसा सरकार के खजाने में जाता है, तो यह ठीक है, क्योंकि प्रशासन चलाने के लिए पैसे की जरूरत होती है। लेकिन यह टोल वसूलने वाले या राजनीतिक दल के पास जाता है तो यह गलत है।

# हिमाचल के बद्दी में सौंदर्य प्रसाधन फैक्टरी में आग, 32 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के बद्दी औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर भीषण आग लगने के कारण एक सौंदर्य प्रसाधन फैक्टरी में फंसे 32 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है, जबकि कई अन्य के अभी भी फैक्टरी के भीतर फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जनकारी दी।

जनसंपर्क विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि कम से कम 32 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है, जिनमें से गंभीर रूप से झुलसे पांच लोगों को पीजीआई चंडीगढ़, छह को ईएसआई, दो को बद्दी अस्पताल और 19 को ब्रुकलिन अस्पताल ले जाया गया है। सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने कहा कि नालागढ़ और आसपास के अन्य इलाकों से दमकल की गाड़ियां मौके पर भेज दी गई हैं तथा आग बुझाने का काम पूरे जोरों पर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) झाड़माजरी में घटनास्थल पर पहुंच गया है और बचाव कार्य में लगा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सौंदर्य प्रसाधन सामग्री से निकल रहे धुएं के गुबार के चलते आग पर काबू पाने में बाधा आ रही है और श्रमिक जान बचाने के लिए इमारत की छत पर चढ़ गए हैं।

## मप्र में नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म, ऊंचाई से फेंका गया

**ग्वालियर/भाषा।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 15 वर्षीय लड़की को कथित तौर पर अगवा करके दो युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और शोर मचाने पर उसे ऊंचाई से धक्का दे दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लड़की गंभीर रूप से घायल है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निरंजन शर्मा ने बताया कि घटना 29 जनवरी को जिले के डबरा कस्बे में हुई। लड़की पढ़ने के लिए कोचिंग जा रही थी, तभी दो युवकों ने उसे मोटरसाइकिल पर जबरदस्ती बिठा लिया और बाद में उसके साथ दुष्कर्म किया। शर्मा ने बताया कि लड़की के शोर मचाने पर आरोपियों ने उसे ऊंचाई से धक्का दे दिया। घटना में लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। शर्मा ने कहा कि लड़की ने बृहस्पतिवार को शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 376 डी (सामूहिक बलात्कार) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

# विदेश में 2018 से अब तक 403 भारतीय छात्रों की मौत हुई: सरकार



**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि दुर्घटनाओं और चिकित्सीय वजहों सहित विभिन्न कारणों से 2018 से विदेश में 403 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

उन्होंने सदन के समक्ष जो आंकड़े रखे उसके अनुसार, भारतीय छात्रों की मौत के सबसे अधिक 91 मामले कनाडा से रहे। जयशंकर ने कहा कि इसके बाद ब्रिटेन में 48 मामले सामने आए। जयशंकर ने कहा कि विदेश में भारतीय छात्रों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा, मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 2018 से स्वाभाविक कारणों, दुर्घटनाओं और चिकित्सीय वजहों सहित विभिन्न कारणों से विदेश में भारतीय छात्रों की मौत की 403 घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने 2018 के बाद से विदेश में भारतीय छात्रों की मौत का देश-वार विवरण भी प्रदान किया।

आंकड़ों से पता चलता है कि कनाडा में 91, ब्रिटेन में 48, रूस में 40, अमेरिका में 36, ऑस्ट्रेलिया में 35, यूक्रेन में 21 और जर्मनी में 20 भारतीय छात्रों की मौत हुई।

# केवाईसी के लिए अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा न करें: रिजर्व बैंक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को जनता को केवाईसी अद्यतनीकरण के नाम पर धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया और अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा नहीं करने की सलाह दी।

‘अपने ग्राहक को जानो’ (केवाईसी) अद्यतनीकरण के नाम पर ग्राहकों के धोखाधड़ी का शिकार होने की लगातार घटनाओं और रिपोर्टों के मद्देनजर आरबीआई ने जनता से नुकसान को रोकने और ऐसी दुर्भावनापूर्ण प्रथाओं से खुद को सुरक्षित रखने के लिए सावधानी बरतने और उचित देखभाल करने का आग्रह किया।

केंद्रीय बैंक पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी को लेकर जनता को आगाह कर चुका है। आरबीआई ने कहा, केवाईसी दस्तावेज या उनकी प्रतियां अज्ञात या गैर-सत्यापित व्यक्तियों या संगठनों के साथ साझा न करें।

बैंक ने कहा कि खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड, ओटीपी भी किसी के साथ साझा न करें।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस तरह की धोखाधड़ी के लिए आमतौर पर ग्राहकों को फोन कॉल, एसएमएस, ईमेल सहित अनचाहे संचार भेजे जाते हैं और इनके जरिए ग्राहकों से व्यक्तिगत जानकारी लेने या संदिग्ध ऐप डाउनलोड कराने की कोशिश की जाती है।

# सरकार खुदरा बाजार में 29 रु. प्रति किलो पर बेचेगी ‘भारत चावल’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार आम आदमी को राहत देने के लिए अगले सप्ताह से खुदरा बाजार में ‘भारत चावल’ 29 रुपए प्रति किलोग्राम पर बेचेगी। साथ ही व्यापारियों को चावल के भंडारण का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने कीमतों को नियंत्रित करने के अपने प्रयासों के तहत ये कदम उठाए हैं।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विभिन्न किस्मों के निर्यात पर पाबंदियों के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दो सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के साथ-साथ केन्द्रीय भंडार के जरिए खुदरा बाजार में रियायत वाले ‘भारत चावल’ को 29 रुपए प्रति किलोग्राम पर बेचने का फैसला किया है। ई-वाणिज्य मंच भी ‘भारत राइस’ बेचेंगे। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह से ‘भारत राइस’ के पांच किलोग्राम और 10 किलोग्राम के ‘पैकेट’ उपलब्ध होंगे। चोपड़ा ने कहा कि पहले चरण में सरकार ने खुदरा बाजार में बिक्री के लिए पांच लाख टन चावल आवंटित किया है। सरकार पहले से ही ‘भारत आटा’ 27.50 रुपए प्रति किलोग्राम और ‘भारत दाल’ (चना) 60 रुपए प्रति किलोग्राम पर बेच रही है।

बाजार में फैली अफवाहों को दूर करने की कोशिश करते हुए चोपड़ा ने कहा कि सरकार की चावल निर्यात पर पाबंदियां जल्द हटाने की कोई योजना नहीं है। कीमत कम होने तक पाबंदियां जारी रहेंगी।

चोपड़ा ने कहा कि मंत्रालय आदेश जारी करते हुए खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं को हर शुक्रवार को अपने मंच पर चावल के भंडारण का खुलासा करने का निर्देश दे रहा है।

सरकार के चावल के भंडारण की सीमा तय करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कीमतें कम करने के लिए '' सभी विकल्प खुले हैं।

सचिव ने कहा कि चावल के अलावा सभी आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतें नियंत्रण में हैं।

# आईफोन की मजबूत बिक्री से भारत में दिसंबर तिमाही में एप्पल ने दर्ज किया रिकॉर्ड राजस्व:टिम कुक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आईफोन निर्माता एप्पल का राजस्व आईफोन की मजबूत बिक्री से अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में दोहरे अंक में बढ़ा। एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने कहा, राजस्व के मामले में भारत में वृद्धि हुई। दिसंबर तिमाही में मजबूत दोहरे अंक में वृद्धि हुई और रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किया।

एप्पल का त्रैमासिक राजस्व सालाना आधार पर दो प्रतिशत की वृद्धि के साथ 119.6 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। आलोच्य तिमाही में आईफोन से कंपनी का राजस्व करीब छह प्रतिशत बढ़कर 69.7 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। अक्टूबर-दिसंबर 2022 में यह 65.77 अरब डॉलर था।

कुक ने कहा कि कंपनी ने मलेशिया, मैक्सिको, फिलीपीन, पोलैंड और तुर्किये, इंडोनेशिया, सऊदी अरब आदि सहित अन्य उभरते बाजारों में सर्वकालिक उच्च राजस्व दर्ज किया। दिसंबर 2023 तिमाही में आईपैड की बिक्री करीब 25 प्रतिशत घटकर करीब सात अरब अमेरिकी डॉलर हो गई। तिमाही में एप्पल के वेयरएबल, घरेलू तथा सहायक उपकरण खंड की बिक्री भी सालाना आधार पर करीब 11 प्रतिशत घटकर 11.95 अरब अमेरिकी डॉलर रह गई। मैक पीसी की बिक्री 7.7 अरब अमेरिकी डॉलर पर लगभग स्थिर रही।

कंपनी को 30 सितंबर, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष वार्षिक राजस्व 2.8 प्रतिशत घटकर 383.28 अरब रहा था। वित्त वर्ष 2022 में यह 394.32 अरब अमेरिकी डॉलर था।



# गुजरात सरकार ने 3.32 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया, कोई नया कर नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/भाषा।** भाजपा नीत गुजरात सरकार ने 3.32 लाख करोड़ रुपए का बजट शुक्रवार को पेश किया। इसमें किसी नए कर का प्रस्ताव नहीं है।

वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने बजट सत्र के दूसरे दिन यहां विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करते हुए सदन को बताया कि 3,32,465 करोड़ रुपए का बजट पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 10.44 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष में बजट व्यय 31,444 करोड़ रुपए का था। राज्य सरकार ने 146.72 करोड़ के अनुमानित अधिशेष के साथ बजट पेश किया। बजट में किसी नए कर का प्रस्ताव नहीं किया गया है।

देसाई ने बजटीय संबोधन में कई योजनाओं और परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट तैयार करते समय मूल में ज्ञान (जीवाईएएन) यानी ‘गरीब, युवा, अन्नदाता’ और ‘नारी शक्ति’ को रखा। नई प्रस्तावित ‘नमो लक्ष्मी’ योजना के तहत कक्षा नौंवी से 12वीं तक सरकारी, सहायता प्राप्त तथा निजी स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों को उनकी शिक्षा के चार वर्षों में 50,000 रुपए दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए बजट में 1,250 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। ‘नमा श्री’ योजना के तहत पिछड़े तथा गरीब वर्ग की गर्भवती महिलाओं को 12,000 रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके लिए बजट में 750 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने सात नगर पालिकाओं नवसारी, गांधीधाम, मोरबी, वापी, आनंद, मेहसाणा और सुरेंद्रनगर-वधवान को नगर निगम में बदलने की घोषणा भी की। उन्होंने ‘जन रक्षक’ योजना की भी घोषणा की, जिसमें पुलिस और दमकल कर्मी सहित सभी आपात सेवाओं से 112 नंबर डायल करके संपर्क किया जा सकता है। राज्य के बजट चरण चार और पांच में गांधीनगर में गिफ्ट-सिटी तक साबरमती पर मौजूदा ‘रिवरफ्रंट’ के विस्तार का भी प्रावधान करता है।

# सीईओ को बदलने पर निवेशकों के पास कोई मतदान अधिकार नहीं: बायजू




**नई दिल्ली/भाषा।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि शेयरधारक समझौते के तहत निवेशकों के पास सीईओ या प्रबंधन में बदलाव पर कोई मतदान अधिकार नहीं है। कंपनी बायजू ब्रांड नाम के तहत काम करती है।

बायजू के कम से कम छह निवेशकों ने कंपनी के प्रमुख से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने और कंपनी पर संस्थापकों का नियंत्रण खत्म करने के लिए एक असाधारण आम बैठक (ईजीएम) बुलाई है। कंपनी ने बयान में कहा, थिंक एंड लर्न प्राइवेट लि. ने दुख के साथ कुछ चुनिंदा निवेशकों के बयान को संज्ञान में लिया है, जिसमें संस्थापक और समूह सीईओ बायजू रवींद्रन को बदलने के लिए ईजीएम की मांग की गई है। इन दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों में, हम बताना चाहेंगे कि शेयरधारक समझौता उन्हें सीईओ या प्रबंधन में बदलाव पर वोट देने का अधिकार नहीं देता है। ईजीएम बुलाने के लिए भेजी गई नोटिस में नीदरलैंड की निवेश कंपनी प्रोसस के नेतृत्व में निवेशकों ने प्रशासन के मुद्दों, वित्तीय कुप्रबंधन व अनुपालन मुद्दों के समाधान तथा निदेशक मंडल के पुनर्गठन का अनुरोध किया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.7 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई/भाषा।** आरबीआई ने कहा कि 26 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.733 अरब डॉलर हो गया। इससे एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा का कुल भंडार 2.795 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 616.143 अरब डॉलर रह गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम के बीच रुपए को संभालने के लिए रिजर्व बैंक को इस भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल करना पड़ा था। 26 जनवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा माने लाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 28.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 546.144 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

# आयकर विभाग 80 लाख करदाताओं के खिलाफ मामले खुद ही बंद करेगा: सीबीडीटी प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि आयकर विभाग करीब 80 लाख करदाताओं के खिलाफ लंबित छोटी-मोटी कर मांगों को खुद ही खत्म कर देगा और इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया की जानकारी देते हुए एक स्पष्ट आदेश जारी करेगा।

सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में पेश अंतरिम बजट में 25,000 रुपए तक की कर मांगों को वापस लेने की घोषणा की थी। उन्होंने वित्त वर्ष 2009-10 तक के 25,000 रुपए तक के कर विवादों और वित्त वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक के 10,000 रुपए तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने की बात कही थी। सीबीडीटी प्रमुख ने इस बारे में कहा, हम इन कर मांगों को खत्म कर देंगे, हम कर विभाग के रिकॉर्ड से ऐसी मांगों को हटा देंगे। करदाता को कुछ भी नहीं करना है और हम उनसे कोई भी संपर्क नहीं करेंगे। गुप्ता ने बजट के बाद बातचीत में, यह प्रक्रिया करदाता के लिए प्रतिकूल नहीं होगी। लेकिन इन मांगों को व्यक्तिगत करदाताओं के ई-फाइलिंग पोर्टल पर डाला जाएगा ताकि वे भी देख सकें और उसमें कोई समस्या होने पर विभाग इसका समाधान करेगा। उन्होंने कहा, अगर करदाता के पास इन मांगों के संबंध में सुधार जैसा कोई मुद्दा है या रिफंड का मामला लंबित है तो इसका ध्यान रखा जाएगा। इस बारे में हम एक स्पष्ट आदेश लाएंगे जिसमें सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि इस कदम से लगभग 80 लाख करदाताओं को लाभ होगा।

# ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह 400% बढ़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह एक अक्टूबर से 400 प्रतिशत से अधिक बढ़कर लगभग 1,200 करोड़ रुपए हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग मंच पर 28 प्रतिशत कर लगाया गया था। जीएसटी परिषद ने पिछले साल अगस्त में साफ किया था कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अपने मंच पर लगाए गए दांव के पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देना होगा।

इसके साथ ही विदेशी ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए जीएसटी प्राधिकरण पर पंजीकरण करना अनिवार्य किया गया और चेतावनी दी गई कि ऐसा नहीं करने पर उनके पोर्टल ब्लॉक कर दिए जाएंगे। जीएसटी कानून में संशोधन एक अक्टूबर, 2023 से लागू हुआ।

अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, एक अक्टूबर के बाद ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से जीएसटी राजस्व संग्रह में तेजी आई है। यह क्षेत्र इससे पहले 225 करोड़ रुपए का औसत मासिक कर दे रहा था, जो अब बढ़कर लगभग 1,200 करोड़ रुपए हो गया है।

जीएसटी अधिकारियों ने पिछले साल वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान 1.12 लाख करोड़ रुपए से अधिक की कथित जीएसटी चोरी के लिए ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को लगभग 71 कारण बताओ नोटिस भेजे थे। किसी भी विदेशी ऑनलाइन गेमिंग कंपनी ने हालांकि अक्टूबर 2023 के बाद से देश में पंजीकरण नहीं कराया है।

अधिकारी ने कहा, ये विदेशी कंपनियां अपने वीपीएन बदलती रहती हैं और ब्लॉक होने पर अपनी वेबसाइट का पता बदल देती हैं। यह एक चुनौती है, जिसका कर अधिकारी सामना कर रहे हैं।

## माता-पिता की असहमति के बाद शादी के वादे से मुकरना बलात्कार का अपराध नहीं: उच्च न्यायालय

**मुंबई/भाषा।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने कहा है कि यदि कोई पुरुष अपने परिवार के सहमत नहीं होने के कारण किसी महिला से शादी करने के अपने वादे से मुकर जाता है तो इसमें बलात्कार का अपराध नहीं बनता है। उच्च न्यायालय ने 31 वर्षीय एक व्यक्ति को उसके खिलाफ दर्ज मामले में बरी करते हुए यह टिप्पणी की। इस व्यक्ति के खिलाफ शादी के बहाने एक महिला से कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला दर्ज कराया गया था। न्यायमूर्ति एम डब्ल्यू चंदवानी की एकल पीठ ने 30 जनवरी को दिए एक आदेश में कहा कि एक व्यक्ति ने केवल शादी के अपने वादे को तोड़ा है और महिला को उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए शादी का झांसा नहीं दिया था।

# तमिल अभिनेता विजय ने बनाया राजनीतिक दल, प्रदेश में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर नजर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**चेन्नई।** तमिल फिल्मों के शीर्ष सितारे विजय ने फिल्म उद्योग की कई हस्तियों के राजनीति में आने के क्रम को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को राज्य में अपने राजनीतिक दल का ऐलान किया। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में जीत को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। यहां एक बयान में, विजय (49) ने अपनी पार्टी 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का ऐलान करते हुए वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई जो कि प्रशासनिक ह्रास, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी राजनीति से भरी हुई है और एकता में बाधा उत्पन्न करती है।

राज्य में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में सफलता का अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए, अभिनेता से नेता बने विजय ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोग बदलाव के लिए 'लालायित' हैं । उन्होंने कहा, ''मेरे नेतृत्व में, राजनीतिक पार्टी तमिझगा वेत्रि कषगम (टीवीके) की शुरूआत की गयी है। इसे पंजीकृत करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास आवेदन भी किया गया है।''

विजय ने कहा कि जब मौजूदा द्रमुक सरकार का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा तो उनकी पार्टी विधानसभा चुनावों में मैदान में उतरेगी । उन्होंने कहा कि उनका संगठन आगामी आम चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन करने की पेशकश करेगी। विजय पार्टी के अध्यक्ष होंगे। सत्तारूढ़ द्रमुक एवं विपक्षी भाजपा ने अभिनेता को इस नयी शुरूआत के लिये शुभकामनायें दी है।

विजय के नाम से जाने जाने वाले 'थलापति' के उत्साही प्रशंसकों ने राजनीतिक दल की शुरूआत के उनके कदम का स्वागत किया और सड़कों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए जश्न मनाया। थलापति का अर्थ है जनरल या कमांडर, जबकि 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का मोटे तौर पर अनुवाद ''तमिलनाडु विजय पार्टी'' है। पिछले कुछ समय से ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि विजय उस प्रदेश (तमिलनाडु) की राजनीति में प्रवेश करने के इच्छुक हैं जो सिनेमा से राजनीति में आने वाले दिवंगत दिग्गजों एम जी रामचंद्रन, जे जयललिता और विजयकांत जैसे सितारों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु के लोग एक ऐसे राजनीतिक आंदोलन के लिए उत्सुक हैं जो एक निस्वार्थ, पारदर्शी, दूरदर्शी और कुशल प्रशासन का मार्ग प्रशस्त करेगा जो भ्रष्टाचार और जाति एवं धार्मिक मतभेदों से मुक्त हो। इसके अलावा, उन्होंने कहा, केवल एक जन आंदोलन ही राजनीतिक बदलाव ला सकता है, जो अन्य बातों के अलावा, तमिलनाडु के अधिकारों को सुनिश्चित करेगा। जाने-माने फिल्म निर्देशक एस ए चन्द्रशेखर और पार्श्व गायिका शोभा चन्द्रशेखर के बेटे विजय ने कहा कि तमिलनाडु के लोगों की पूरे दिल से मदद करना उनकी लंबे समय से इच्छा रही है, जिन्होंने अपने माता-पिता के अलावा, उन्हें नाम और लोकप्रियता दी।

पार्टी के अध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारियों को यहां इसकी आम सभा और कार्यकारी परिषद की बैठकों में 25 जनवरी को चुना गया और इसके संविधान और उपनियमों को भी मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य 2026 का विधानसभा चुनाव लड़कर और जीतकर लोगों द्वारा वांछित राजनीतिक बदलाव के मार्ग को प्रशस्त करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त करने और लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद अपनी गतिविधियां शुरू करेगी। इस बीच, पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठित किया जाएगा और पार्टी के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा, जबकि पार्टी की नीतियों, ध्वज, प्रतीक और अन्य योजनाओं को बाद में अंतिम रूप दिया जाएगा। यह उल्लेख करते हुए कि वह न केवल राजनीति की ऊंचाई बल्कि इसकी लंबाई और चौड़ाई से भी परिचित हैं, उन्होंने राजनीति को केवल एक व्यवसाय नहीं बल्कि दिव्य सार्वजनिक सेवा करार दिया। उन्होंने आगे कहा कि यह उनके लिए कोई शौक नहीं बल्कि एक 'जुनून' है जिसके लिए वह खुद को पूरे दिल से समर्पित करना चाहते हैं। अपने फिल्मी करियर में बदलाव के बारे में विजय ने कहा, मैंने पार्टी के काम को प्रभावित किए बिना उस फिल्म को पूरा करने का फैसला किया है जिसके लिए मैं पहले से प्रतिबद्ध हूं और उसके बाद खुद को पूरी तरह से सार्वजनिक सेवा की राजनीति में शामिल करूंगा। राजनीति की दुनिया में कदम रखते हुए विजय ने कहा, मैं इसे तमिलनाडु की जनता के प्रति अपने आभार की अभिव्यक्ति मानता हूं।



# ईडी ने अवैध' रेत खनन मामले में 200 से अधिक ट्रकों को कुर्क किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने तमिलनाडु में 'अवैध' रेत खनन में शामिल कुछ व्यक्तियों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत उत्खनन में इस्तेमाल होने वाले करोड़ों रुपये मूल्य के 209 ट्रकों को कुर्क किया है।

संघीय एजेंसी के मुताबिक, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुल 130.60 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया है। ईडी ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि इनमें से रेत उत्खनन में इस्तेमाल होने वाले 209 ट्रक कुर्क किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 128.34 करोड़ रुपये है।

वहीं, तमिलनाडु में 'अवैध' रेत खनन गतिविधियों में शामिल षण्मुगम रामचंद्रन, करुप्पैया रेथिनम, पनीरसेल्वम करिकालन और अन्य लोगों के 35 बैंक खातों में जमा 2.25 करोड़ रुपये की धनराशि भी कुर्क कर ली गई है। एजेंसी ने कहा कि यह मामला तमिलनाडु पुलिस द्वारा दर्ज विभिन्न प्राथमिकियों और खुले स्रोतों से प्राप्त जानकारी,जो राज्य के नदी तलों और घाटियों में बड़े पैमाने पर अनधिकृत रेत खनन का संकेत देते हैं पर आधारित है।

ईडी ने बताया कि जांच के दौरान खुलासा हुआ कि उपरोक्त तीन व्यक्तियों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर एक 'गिरोह' बनाया और या तो अपने नाम से या अपने रिश्तेदारों और सहयोगियों के नाम पर कंपनियों और फर्मों का एक नेटवर्क स्थापित किया।

एजेंसी ने बताया कि उसने पहले इस मामले में चेन्नई, तिरुच्चिराप्पल्ली और पुदुकोट्टई में लगभग 17 परिसरों की तलाशी ली थी और 2.33 करोड़ रुपये की 'अघोषित' नकदी, 56.86 लाख रुपये के सोने के आभूषण और 'अपराध' में संलिप्तता का संकेत करने वाले कई सबूत जब्त किए थे। ईडी के मुताबिक, उसने 30 बैंक खातों में जमा कुल करीब 13 करोड़ रुपये भी जब्त कर लिए हैं।

# तमिलनाडु में विधानसभा का बजट सत्र 12 से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा का बजट सत्र 12 फरवरी से राज्यपाल के पारंपरिक संबोधन के साथ शुरू होगा, जबकि, बजट 19 फरवरी को पेश किया जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 का बजट 19 फरवरी को वित्त मंत्री थंगम थेनारासु पेश करेंगे। उम्मीद है कि सरकार कलैगनार मगलिर उरीमाई थित्तम योजना के तहत परिवारों की महिला मुखियाओं के लिए 1,000 रुपये की मासिक योजना सहित कल्याणकारी उपायों की घोषणा करेगी।

सरकार राज्य में निवेश तलाशने के लिए मुख्यमंत्री स्टालिन की स्पेन की आठ दिवसीय यात्रा पर भी रोशनी डालेगी। राज्यपाल आरएन रवि का विधानसभा में यह तीसरा अभिभाषण होगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के साथ मतभेद के बाद पिछले साल बजट सत्र के दौरान राज्यपाल सदन से वॉकआउट कर गए थे। मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच तनाव जारी है क्योंकि कई मुद्दों पर उनके बीच मतभेद है।

अयोध्या मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान राज्यपाल ने तमिलनाडु के मंदिरों में विशेष पूजा का आह्वान किया था। जिसका तमिलनाडु के कानून मंत्री एस. रघुपति ने कड़ा विरोध किया, जिससे सरकार और राज्यपाल के बीच संबंध और खराब हो गए।

# टाटानगर और एर्नाकुलम के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेनें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए टाटानगर-एर्नाकुलम सेक्टर में विशेष ट्रेनें चलाएगी। ट्रेन नंबर 08189/08190 टाटानगर-एर्नाकुलम-टाटानगर साप्ताहिक स्पेशल के फेरे लगाए जाएंगे।

ट्रेन नंबर 08189 टाटानगर-एर्नाकुलम साप्ताहिक स्पेशल सोमवार 05 और 12 फरवरी को सुबह 05.15 बजे टाटानगर से रवाना होगी और तीसरे दिन रात्रि 01.55 बजे एर्नाकुलम पहुंचेगी। वापसी दिशा में ट्रेन नंबर 08190 एर्नाकुलम-टाटानगर साप्ताहिक स्पेशल गुरुवार 08 और 15 फरवरी को सुबह 07.15 बजे एर्नाकुलम से रवाना होगी और तीसरे दिन अल्ल सुबह 04.35 बजे टाटानगर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 2 एसी टू टियर कोच, 5 एसी थ्री टियर कोच, 3 एसी थ्री टियर इकोनॉमी कोच, 7 स्लीपर क्लास कोच, 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, 1 द्वितीय श्रेणी कोच (दिव्यांगजन अनुकूल) और 1 सामान सह ब्रेक वैन कोच होंगे। यह ट्रेन टाटानगर से प्रारंभ होकर सिनी, राजखरसावां, चक्रधरपुर, गोईलकेरा, जराइकेला, राउरकेला, राजगांगपुर, झारसुगुडा, संबलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटलागढ़, केसिंगा, अम्बोडाला, मुनिगुड़ा, रायगढ़, पार्वतीपुरम, बोब्बिली, विजयनगरम, दुव्वाडा, अनकापल्ली, तुनि, सामलकोट, राजमुंदरी, निदादावोले, टनुकु, भीमावरम टाउन, कैकोलूर, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा, तेनाली, बापतला, चिराला, ओंगोल, कवाली, नेल्लोर, गुडूर, पेराम्बुर, अराकोणम, कट्पडी, जोलारपेट्टई, सेलम, इरोड, तिरुपूर, पोदनूर, पलक्कड़, त्रिशूर, अलुवा होते हुए एर्नाकुलम पहुंचेगी।

वहीं पश्चिम रेलवे ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि ट्रेन नंबर 09419 अहमदाबाद - तिरुचिरापल्ली साप्ताहिक स्पेशल 01 , 08 , 15 , 22 और 29 फरवरी (गुरुवार) को 09.30 बजे अहमदाबाद से रवाना होगी और तीसरे दिन 03.45 बजे तिरुचिरापल्ली पहुंचेगी।

वापसी दिशा में, ट्रेन नंबर 09420 तिरुचिरापल्ली-अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल 04 , 11 , 18, 25 फरवरी और 03 मार्च, रविवार को तिरुचिरापल्ली से 05.40 बजे रवाना होगी और अगले दिन 21.15 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 09520 ओखा-मदुरै साप्ताहिक विशेष किराया स्पेशल 05 , 12, 19 और 26 फरवरी को ओखा से 22.00 बजे रवाना होगी और चौथे दिन (4 सेवाएं) 11.45 बजे मदुरै पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन नंबर 09519 मदुरै-ओखा साप्ताहिक विशेष किराया स्पेशल 09 , 16 , 23 फरवरी और 01 मार्च को 01.15 बजे मदुरै से रवाना होगी और तीसरे दिन 10.20 बजे ओखा पहुंचेगी। उपरोक्त विशेष ट्रेनों के लिए अग्रिम आरक्षण दक्षिणी रेलवे छोर से खुला है।



# बजरंग दल ने हनुमान ध्वज अभियान किया शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** बजरंग दल और हिंदू संगठनों ने शुक्रवार को मांड्या जिले के केरागोडु गांव में हनुमान ध्वज को हटाए जाने की निंदा करते हुए पूरे कर्नाटक में हनुमान ध्वज अभियान शुरू किया, जिससे राज्य में विवाद पैदा हो गया है। बजरंग दल ने कहा कि यह अभियान 9 फरवरी तक चलाया जाएगा और साथ ही राज्य के सभी जिला आयुक्त कार्यालयों के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करने का भी आह्वान किया है।

बजरंग दल कर्नाटक दक्षिण प्रांत संयोजक के.आर. सुनील ने कहा कि मंड्या जिले में हनुमान ध्वज हटाने की घटना से हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा, ''हिंदू समाज में जोश और विश्वास भरने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। हम लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे राज्य के हर घर, हर मंदिर और हिंदू धार्मिक केंद्रों पर हनुमान ध्वज फहराएं।'' 9 फरवरी को सभी जिला आयुक्त कार्यालयों के समक्ष हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक मांग सरकार से केरागोडु गांव में हनुमान ध्वज फहराने का आग्रह करना है, जहां से इसे हटा दिया गया था। उन्होंने कहा, ''अगर सरकार इनकार करती है तो अभियान जारी रहेगा।'' मंड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ से हनुमान ध्वज को हटाने से राज्य में विवाद पैदा हो गया है, जिसके चलते सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच टकराव हुआ है।

# तमिलनाडु में चार अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए बोलियां आमंत्रित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** सरकार ने तमिलनाडु के समुद्री इलाके में चार गीगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसके मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के जरिये अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए खुली पहुंच के आधार पर एक-एक गीगावाट क्षमता के चार ब्लॉक के लिए बोलियां मंगाई गई हैं।

बयान के मुताबिक, सरकार तमिलनाडु के तट के पास चार गीगावाट क्षमता की अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए बोलियां आमंत्रित करती है। ये बोलियां इंडियन सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन (एसईसीआई) के जरिये आमंत्रित की गई हैं। इसके लिए सभी आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरियां ली जा चुकी हैं।

मंत्रालय ने कहा कि हरेक ब्लॉक के लिए बोली जीतने वाली कंपनी एक गीगावाट की अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित करेंगे। वे खुली पहुंच व्यवस्था के तहत यह बिजली सीधे उपभोक्ताओं को बेचेंगी। इसके साथ ही मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि खुली पहुंच वाली बोलियों में कोई व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) नहीं होता है। इन परियोजनाओं से पैदा होने वाली नवीकरणीय ऊर्जा को उद्योगों को बेचा जाएगा।

मंत्रालय के मुताबिक, अपतटीय पवन टर्बाइन लगाने के कई फायदे हैं। इनमें भूमि की उपलब्धता की बाधा नहीं होती हैं और क्षमता का भी अधिक उपयोग होता है। इसके अलावा अपतटीय पवन टर्बाइन की दक्षता तटीय पवन टर्बाइन की तुलना में अधिक होती है।

# आईआईटी मद्रास खेल कोटा लागू करने वाला पहला आईआईटी बना, प्रत्येक स्नातक पाठ्यक्रम में दो सीट होंगी



**चेन्नई/नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास अपने स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए खेल कोटा लागू करने वाला पहला आईआईटी बन गया है और यह 2024-25 शैक्षणिक सत्र से प्रत्येक पाठ्यक्रम में इससे संबंधित दो अतिरिक्त सीट सृजित करेगा। यह जानकारी संस्थान के निदेशक वी कामकोटि ने दी। वर्तमान में, आईआईटी में खेल कोटा नहीं है, जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय सहित देश के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में खेल कोटा है।

कामकोटि ने कहा, शैक्षणिक सत्र 2024-2025 से शुरू होकर, आईआईटी मद्रास खेल उत्कृष्टता प्रवेश (एसईए) पाठ्यक्रम के तहत भारतीय नागरिकों के लिए प्रति स्नातक कार्यक्रम में दो अतिरिक्त सीट की पेशकश करेगा। हम खेल कोटा लागू करने वाले पहले आईआईटी हैं और इसका उद्देश्य उन छात्रों को पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने अपनी पसंद के खेल में एक निश्चित स्तर की उत्कृष्टता हासिल की है। उन्होंने कहा, प्रति पाठ्यक्रम दो सीट एसईए के माध्यम से आवंटित की जाएंगी। एक सीट लिंग-तटस्थ होगी, दूसरी सीट केवल महिलाओं के लिए होगी।

एसईए के तहत प्रवेश पात्रता में अभ्यर्थियों ने 'जेईई एडवांस्ड' में 'कॉमन रैंक लिस्ट' (सीआरएल) या श्रेणीवार रैंक सूची में स्थान प्राप्त किया हो और पिछले चार वर्षों में उन्होंने राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी खेल प्रतियोगिता में कम से कम एक पदक जीता हो। अभ्यर्थियों को आईआईटी में प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड के अनुसार 12 वीं कक्षा में न्यूनतम आवश्यक अंक प्राप्त करने होंगे।

उन्होंने कहा, खेलों की विशिष्ट सूची में उनके प्रदर्शन के आधार पर अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त कुल स्कोर के आधार पर एक अलग खेल रैंक सूची (एसआरएल) तैयार की जाएगी। सीट आवंटन केवल एसआरएल के आधार पर किया जाएगा। यह विचार पिछले साल आईआईटी मद्रास द्वारा शीर्ष प्रौद्योगिकी संस्थानों की शीर्ष संस्था आईआईटी परिषद के समक्ष रखा गया था।

निदेशक ने कहा, ''खेल कोटा की अवधारणा भारत में उच्च शिक्षा प्रणाली में मौजूद है, लेकिन इसे अभी तक आईआईटी में लागू नहीं किया गया है। सैद्धांतिक रूप में, सभी आईआईटी ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया था। जेईई एपेक्स बोर्ड (जेएबी) के परामर्श से विस्तृत कार्यान्वयन के तौर-तरीके और समय-सीमा तैयार की गई थी।''

जेएबी, जेईई (मेन) परीक्षा के संचालन के लिए दिशानिर्देश तय करने और आईआईटी में प्रवेश के लिए जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा के संचालन का समन्वय करने के लिए जिम्मेदार है। इस साल जेईई-एडवांस्ड का आयोजन आईआईटी मद्रास कर रहा है।

# पुडुचेरी के व्यवसायी ने 20 करोड़ रुपये की क्रिसमस-नववर्ष बंपर लॉटरी जीती

**तिरुवनंतपुरम।** पुडुचेरी के एक व्यवसायी को केरल में 20 करोड़ रुपये की क्रिसमस-नववर्ष बंपर लॉटरी का भाग्यशाली विजेता घोषित किया गया है। यह केरल में दूसरा सबसे बड़ा लॉटरी पुरस्कार है। पुडुचेरी का यह कारोबारी सबरीमला तीर्थयात्रा के लिये तिरुवनंतपुरम में मौजूद था।

आवश्यक दस्तावेजों के साथ तिरुवनंतपुरम में लॉटरी निदेशालय को पुरस्कार वाला टिकट सौंपते समय विजेता व्यक्ति ने मीडिया को अपना नाम या पता बताने से इनकार कर दिया। पुरस्कार विजेता ने पद्मनाभ स्वामी मंदिर के लक्ष्मी सेंटर ईस्ट नाडा के एक उप-एजेंट से लॉटरी के टिकट खरीदे थे। हालांकि, पुडुचेरी के व्यवसायी ने लॉटरी पुरस्कार के परिणाम को गुप्त रखा और शुक्रवार को लॉटरी निदेशालय से संपर्क किया।

लॉटरी निदेशालय के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, निदेशालय के बाहर मीडियाकर्मी थे और उन्हें देखकर वह घबरा गए और उन्होंने हमसे उनका नाम या पता साझा नहीं करने का अनुरोध किया। क्रिसमस-नववर्ष बंपर थिरुवोनम बंपर के बाद दूसरा सबसे अधिक पुरस्कार राशि वाली लॉटरी है। इस साल क्रिसमस-नववर्ष बंपर लॉटरी में पहला पुरस्कार 20 करोड़ रुपये का था जबकि दूसरे पुरस्कार के रूप में 20 लोगों में से प्रत्येक को एक करोड़ रुपये का दिया गया। प्रथम पुरस्कार के विजेता को करों और एजेंट के कमीशन में कटौती के बाद लगभग 12 करोड़ रुपये मिलेंगे।



# अग्निवीरवायु प्रशिक्षुओं के दूसरे बैच की पासिंग-आउट परेड हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** अग्निवीरवायु के दूसरे बैच की पासिंग-आउट परेड शुक्रवार को जलाहल्ली स्थित वायुसेना स्टेशन में आयोजित की गई। वर्तमान बैच में 42 अग्निवीरवायु (महिलाओं) के साथ 700 से अधिक अग्निवीरवायु ने सफलतापूर्वक अपना विशेष प्रशिक्षण पूरा किया।

सफल अग्निवीरवायु को अब भारतीय वायुसेना की विभिन्न इकाइयों में तैनात किया जाएगा। इन प्रशिक्षुओं को अग्निपथ योजना के हिस्से के रूप में भर्ती किया गया था।

परेड की समीक्षा एयर कमोडोर सरबजीत सिंह ने की। उन्होंने मेधावी प्रशिक्षुओं को ट्राफियां प्रदान कीं, जिन्होंने संबंधित स्ट्रीम में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने सफल प्रशिक्षुओं के माता-पिता को भी बधाई दी।

एयर कमोडोर सिंह ने सफल प्रशिक्षुओं को अपने संबोधन में सर्वोत्तम प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि देश की भविष्य की सुरक्षा आवश्यकताओं में उच्चतम स्तर के पेशेवर होना शामिल है।

गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षुओं को भविष्य के युद्ध के लिए तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# आयकर विभाग, सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियां भाजपा की 'सहयोगी' के रूप में काम कर रही हैं : सिद्दरामैया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि आयकर विभाग, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब स्वायत्त एजेंसी के बजाय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'सहयोगी' के रूप में काम कर रही हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह आरोप ऐसे वक्त लगाया है, जब झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया।

सिद्दरामैया ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, पिछले दस वर्षों में विपक्षी नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी इस बात का सबूत है कि सीबीआई, आयकर विभाग, ईडी अब स्वायत्त एजेंसियां नहीं हैं, बल्कि भाजपा के सहयोगी के रूप में काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को चुनाव में न केवल भाजपा के खिलाफ लड़ना है, बल्कि आयकर विभाग, सीबीआई और ईडी के खिलाफ भी लड़ना है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, भाजपा शासन में देश का संविधान और लोकतंत्र विनाश की ओर है। मुख्यमंत्री ने कहा, विपक्ष की लड़ाई मतपत्रों से दूर सरकारी तंत्र के दुरुपयोग तक पहुंच चुकी है। हमारे लोकतंत्र और संवैधानिक अखंडता का सार भाजपा के शासन में दांव पर है।

सिद्दरामैया की यह टिप्पणियां झारखंड के मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा बुधवार को उनके खिलाफ की गई कार्रवाई की पृष्ठभूमि में की गईं।




# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को पंत कृषि भवन में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की पॉलिसियों का वितरण कर रबी 2023-24 की 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषकों को समय पर बीमा पॉलिसी की हार्ड कॉपी नही मिलने से खराबा होने पर फसल की जानकारी एवम किसानों को बीमा के प्रति जागरुक करने के लिए पूरे प्रदेश में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाकर पॉलिसियों का वितरण 2 फरवरी से 29 फरवरी तक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो किसान इन शिविरों में पॉलिसी प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, वे अपनी फसल बीमा पॉलिसी संबंधित कृषि पर्यवेक्षक से प्राप्त कर सकेंगे।

डॉ. मीणा ने कहा कि किसानों को ओलावृष्टि, चक्रवात और चक्रवाती वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान झेलना पड़ता है। इन आपदाओं से कृषकों को राहत प्रदान करने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वरदान साबित हो रही है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा निरन्तर प्रचार-प्रसार और किसानों को समय पर बीमा क्लेम का भुगतान मिल जाने से इस योजना की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानो को इन विकट परिस्थितियों में नुकसान होने पर सरकार द्वारा सहायता मिलने से आर्थिक मजबूती मिलती है, जिससे वे अपने परिवार का पालन पोषण अच्छी तरह से कर पाते हैं। पॉलिसी वितरण के दौरान किसान पाठशाला के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। बीमा कंपनियों द्वारा राज्य के सभी ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर लगभग 27.84 लाख कृषकों को लगभग 1.59 करोड़ पॉलिसियों का वितरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषकों को खरीफ फसल के लिए 2 प्रतिशत, रबी फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत और वाणिज्यिक व बागवानी फसलों के लिये 5 प्रतिशत प्रीमियम अदा करना पड़ता है। फसल बीमा सभी श्रेणी के कृषकों के लिए खरीफ 2022 से स्वैच्छिक है, लेकिन ऋणी कृषकों को योजना से पृथक होने के लिए योजना से जुड़ने के अन्तिम तिथि से सात दिन पूर्व लिखित में आवेदन किया जाना आवश्यक है।

कृषि मंत्री ने 100 दिवसीय कार्ययोजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 100 दिवसीय कार्ययोजना का उद्देश्य प्रदेश के सभी किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित हो। इस कार्ययोजना में शामिल कार्यो पर गम्भीरता से बिना देरी किए काम करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत निधारित लक्ष्यों को शत प्रतिशत पुरा करें। इस दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि बीज उत्पादन अधिक से अधिक राज्य स्तर पर ही किया जाये।

# राजस्थान में 17 आईएएस अधिकारियों के तबादले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 17 अधिकारियों के तबादले किए हैं जिसके तहत गौरव गोयल को राज्यपाल का सचिव नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राज्य में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के कुछ अधिकारियों को भी नियुक्ति दी गई है जो अपनी पदस्थापना का इंतजार कर रहे थे।

राज्य के कार्मिक विभाग ने बृहस्पतिवार देर रात इस बारे में आदेश जारी किए। इसके तहत राज्यपाल के सचिव पद पर तैनात सुबीर कुमार का तबादला प्रमुख सचिव (उच्च व तकनीकी शिक्षा) पद पर किया गया है। इस पद पर तैनात आईएएस अधिकारी भवानी सिंह देथा को प्रमुख सचिव (आयोजना) पद पर नियुक्त किया गया है। जिन आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं उनमें विकास एस भाले, डॉ पृथ्वी राज और पीसी किशन का भी नाम है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने पदस्थापना की प्रतीक्षा कर रहे आईपीएस अधिकारी अमित जैन, शाहीन सी, प्रशांत किरण, बी आदित्य आदि को भी नियुक्ति दी है।

# पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के फैसलों की समीक्षा के लिए समिति गठित

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली नवगठित भारतीय जनता पार्टी सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए निर्णयों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय कैबिनेट समिति का गठन किया है। आधिकारिक आदेश के अनुसार मंत्रिमंडल के 20 जनवरी के फैसले के अनुपालन में गठित इस समिति में स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह को संयोजक बनाया गया है। इसमें संसदीय मंत्री जोगाराम पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा और सार्वजनिक निर्माण मंत्री मंजू बाघमार को सदस्य बनाया गया है। समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। समिति अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लिए गए दो तरह के फैसलों की समीक्षा करेगी। समिति एक अप्रैल 2023 से 14 दिसंबर 2023 के दौरान मंत्रिमंडल व विभागीय स्तर पर किए गए निर्णयों की समीक्षा करेगी। समिति का प्रशासनिक विभाग मंत्रिमंडलीय सचिवालय होगा। समिति अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेगी।



# दीया कुमारी से यूएन प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

## पर्यटन विकास और महिला सशक्तिकरण पर मिलकर काम करने पर हुई चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उप मुख्यमंत्री तथा पर्यटन और महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी से यूएन प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित उनके कक्ष में मुलाक़ात कर राजस्थान में पर्यटन के विकास की संभावनाओं, महिला सशक्तिकरण, एनीमिया की रोकथाम, लिंग भेद उन्मूलन तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए जैसे बिन्दुओं पर चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने यूएन रेजिडेंट कॉर्डिनेटर शोम्बी शार्प, यूनिसेफ राजस्थान की चीफ फिल्ड ऑफिसर इसाबेल बारडेम तथा यूएन रेजिडेंट कॉर्डिनेटर कार्यालय की चीफ ऑफ स्टाफ राधिका कॉल बत्रा के साथ बैठक की। बैठक में यू एन और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करके महिला सशक्तिकरण, एनीमिया, कुपोषण, पेयजल, प्रदेश के पर्यटन, कला, संस्कृति, हेरिटेज को बढ़ावा देने की सम्भावनाओं पर चर्चा की गई। आगामी दिनों में अगले स्तर की वार्ता कर कार्ययोजनाओं का निर्माण किया जाएगा।

दीया कुमारी ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरुप प्रदेश में आंगनबाड़ियों को सक्षम आंगनबाड़ी बनाने के लिए कार्य किया जायेगा। एनीमिया ग्रस्त एवं कुपोषण ग्रस्त पोकेट्स पर फोकस किया जायेगा।

इसके साथ ही राजस्थान में पदस्थापित दस हजार साथिनों का क्षमतावर्धन किया जायेगा। साथिनों के जॉब रोल को फ्रंट लाइन वर्कर के रूप में सुदृढ़ किया जायेगा। बैठक में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सस्टेनेबल गोल को लक्षित कर कार्य हेतु चर्चा की गई। राजस्थान की शानदार अमूर्त सांस्कृतिक विरासत कला, संस्कृति, हस्त कला आदि को आगे बढ़ाना जरुरी है। आधुनिकीकरण के कारण कला संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत की अनदेखी हो रही है। राजस्थान और जयपुर में भी शानदार ऐतिहासिक विरासत है। विरासत को संरक्षण कैसे प्रदान किया जाए और इनको पर्यटन की दृष्टि से किस तरह आगे बढ़ाया जाए इस पर चर्चा की गई। अमूर्त सांस्कृतिक विरासत कला संस्कृति, हस्त कला आदि को आगे बढ़ाया जाए। यू एन प्रतिनिधियों से जिओ हेरिटेज साइट विकसित करने, वर्ल्ड हेरिटेज साइट विकसित करने हेतु चर्चा की गई है।

# सूर्य सप्तमी पर प्रदेश के सभी स्कूलों में होगा सूर्य नमस्कार का अभ्यास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। प्रदेश के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में सूर्य सप्तमी (15 फरवरी) के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक ही समय अवधि में सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया जाएगा। यह गतिविधि 15 फरवरी को सभी स्कूलों में प्रार्थना सभा के बाद प्रातः 10.30 बजे से 10.45 बजे की अवधि में एक साथ आयोजित होगी, इसके तहत पांच बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास होगा। सभी स्कूलों में छात्र एवं छात्राओं के अलग-अलग समूहों में इस गतिविधि का आयोजन होगा। प्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा शनिवार से विद्यालयों में इसकी तैयारी शुरू होगी। सामूहिक आयोजन के दिन 15 फरवरी को प्रदेशभर में अधिकारियों द्वारा स्कूलों में इस गतिविधि का निरीक्षण भी किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग की इस विशेष पहल के बारे में शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप इस कार्यक्रम के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए सभी स्तरों पर बेहतर प्लानिंग और समन्वय से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि सूर्य, पृथ्वी पर सभी चीजों के लिए ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है और इससे हममें सकारात्मक ऊर्जा का संचालन होता है। ऐसे में इस महत्वपूर्ण आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ ही जिला प्रशासन, जिला परिषद और अन्य संबंधित विभागों से सम्पर्क कर इस गतिविधि के बारे में जानकारी साझा करें।

वीसी में माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि आजकल बच्चे फिजिकल एक्टिविटी में कम रूचि लेते है, ऐसे में इस गतिविधि के माध्यम से उनको इसके लिए मोटिवेट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सामूहिक आयोजन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों, कार्मिकों, अभिभावकों और गणमान्य लोगों की जानकारी शाला दर्पण पोर्टल के मॉड्यूल में अपलोड की जाएगी। सभी संस्था प्रधान अपने स्कूलों में इस गतिविधि के सम्पन्न होने के तुरंत बाद इसे अपडेट करना सुनिश्चित करें। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने कहा कि विद्यार्थियों को हेल्दी बॉडी और माइंड के लिए इस गतिविधि का महत्व समझाए, जिससे वे आगे भी इसका अभ्यास जारी रखने के लिए प्रेरित हो।

वीसी में अधिकारियों और संस्था प्रधानों को निर्देश दिए गए कि छोटे बच्चे या फिर ऐसे विद्यार्थी जिनको स्वास्थ्य सम्बंधी कोई दिक्कत हो, उन्हें इस अभ्यास में शामिल नहीं किया जाए, वे इस गतिविधि को देखकर अपनी भागीदारी निभा सकते है। जिलों से जुड़े सीडीईओ, डीइओ माध्यमिक एवं प्राथमिक को निर्देश दिए गए कि वे अपने स्तर पर निजी स्कूलों के प्रिंसिपल और प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इस गतिविधि के बारे में जानकारी साझा करे।



# हर स्तर पर स्वच्छता सुनिश्चित करें : दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सर्वांगीण स्वच्छता को प्राथमिक जरूरत बताते हुए परिवेशीय स्वच्छता के प्रति हर स्तर पर सार्थक प्रयासों में गंभीरतापूर्वक समर्पित प्रयासों में जुटने का आह्वान किया है। शिक्षा मंत्री ने शुक्रवार को जोधपुर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत गतिविधियों की समीक्षा बैठक में यह आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप स्वच्छता पखवाड़े को आशातीत सफल बनाने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी एवं पूर्ण समन्वय के साथ जुटें और इसमें कहीं कोई कमी न रहने दें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्वच्छता का कार्य एक पखवाड़े या अभियान तक सीमित नहीं रहे बल्कि इसे वर्ष पर्यन्त नियमित रूप से जारी रखने की आवश्यकता है। इसके लिए स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का अहम हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को ग्राम पंचायत, उपखंड, ब्लॉक और वार्ड से लेकर हर स्तर पर अपनाने की जरूरत है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वच्छता की दृष्टि से पंचायत कार्यालय, सार्वजनिक एवं विद्यालयों के शौचालयों की सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए नियमित निरीक्षण व समीक्षा पर पूरा-पूरा ध्यान दिया जाए। ख़ासकर प्लास्टिक के उपयोग पर रोकथाम के लिए कारगर प्रयास करें। इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि स्व अनुशासन से प्लास्टिक के उपयोग को रोकें और समाज में सम्पूर्ण स्वच्छता का आदर्श वातावरण स्थापित करें।

शिक्षा मंत्री दिलावर ने शहरी एवं ग्रामीण स्तर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के लिए की जा रही गतिविधियों एवं प्रयासों के अन्तर्गत नियमों के सरलीकरण की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि सभी विभाग पारस्परिक सहयोग एवं समन्वय के साथ एक जुट होकर राष्ट्रहित में स्वच्छता के कार्य को एक अनुष्ठान के रूप में लें और इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराएं। विभागीय अधिकारी नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण दौरे करें और सतत पर्यवेक्षण का दौर बनाए रखें ताकि इस कार्य में नियमितता बनी रहे। शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि महीने में एक बार किसी भी एक गांव में सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करवाएं, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी भी सम्मिलित हों। दिलावर ने कहा कि विद्यालयों, जनोपयोगी स्थलों, सार्वजनिक क्षेत्रों, अस्पतालों आदि में बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए मॉनिटरिंग तंत्र को सुदृढ़ करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सफाई सुनिश्चित कर देश सेवा एवं देश के विकास में सहयोग दें।

# चुनावों से पूर्व ईडी को 'पीछे लगाना' अलोकतांत्रिक : राजन

जयपुर/दक्षिण भारत। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि चुनावों से पूर्व प्रवर्तन निदेशालय को 'पीछे लगाना' गलत और अलोकतांत्रिक है तथा इससे न सिर्फ नेताओं बल्कि हर किसी को परेशान होना चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद धन शोधन के आरोपों में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के प्रमुख हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया।

जयपुर साहित्य महोत्सव (जेएलएफ) के उद्घाटन के पहले दिन यहां एक सत्र में राजन ने कहा कि यह सोचना कि वे सिर्फ कुछ राजनेताओं को सलाखों के पीछे डाल रहे हैं गलत है, क्योंकि जब विपक्षी नेताओं को चुनने की बात आती है तो अंततः जनता के पास कोई विकल्प नहीं बचता।

उन्होने कहा, यदि विपक्षी दलों के नेताओं को सलाखों के पीछे डाल दिया गया है तो आपके पास क्या चुनाव रहेगा? अगर आपके पास कोई विकल्प नहीं बचता है, तो यह केवल नेताओं का मुद्दा नहीं है। हर किसी के लिए यह मुद्दा है। इसलिए चुनावों से पहले ईडी को खुला छोड़ना गलत और अलोकतांत्रिक है।

मुलाकात



जयपुर में शुक्रवार को अपने निवास पर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

# जोधपुर सेंट्रल जेल की तलाशी में मिले चार मोबाइल व एक चार्जर

जोधपुर/दक्षिण भारत । पुलिस-प्रशासन और जेल विभाग द्वारा गुरुवार देर रात जोधपुर सेंट्रल जेल की तलाशी में एक एंड्रॉयड व तीन कीपैड मोबाइल के साथ एक चार्जर बरामद किया गया है। बरामद मोबाइल के कॉल डिटेल व डाटा रिकवर किया जाकर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

जेल में मोबाइल व अन्य निषेध सामग्री के प्रयोग की सूचना पर जोधपुर कमिश्नर रवि दत्त गौड़ व डीसीपी ईस्ट अमृता दुहन के निर्देश पर गुरुवार रात करीब 10:30 बजे से 11:40 बजे तक पुलिस-प्रशासन एवं जेल स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से सेंट्रल जेल जोधपुर में तलाशी अभियान चलाया गया।

तलाशी के दौरान एनएलजीडी एवं तलाशी उपकरणों से वार्ड, बैरिक, बिस्तर, शौचालय एवं जेल परिसर की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वीवो कंपनी का एंड्राइड मोबाइल मय चार्जर और तीन कीपैड मोबाइल मिले। इस संबंध में थाना रातानाडा में मुकदमा दर्ज कर बरामद मोबाइलों की कॉल डिटेल व डाटा रिकवर किया जा रहा है। इस कार्रवाई में एडीसीपी नाजिम अली, एसडीएम नॉर्थ पंकज कुमार, एसएचओ महामंदिर मांगी लाल, एसएचओ करवड हनुमान सिंह, एसएचओ माता का थान शिवलाल, एसएचओ रातानाडा नरेश मीणा व थाना रातानाडा से एसआई भंवर सिंह मय जाब्ता एवं जेल अधीक्षक राजपाल सिंह, उपाधीक्षक सौरभ स्वामी, कारापाल हडवन्त सिंह, उप कारापाल तुलसीराम मय जेल स्टाफ शामिल थे।

सुनवाई



अजमेर में शुक्रवार को अपने निवास पर आयोजित जनसुनवाई में जनता की समस्त समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी।

# राजस्थान के माइनिंग डेटा का होगा डिजिटाइजेशन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश के माइनिंग डेटा का डिजिटाइजेशन किया जाएगा, जिससे प्रदेश की खनिज संपदा और इससे जुड़ी समस्त प्रकार के दस्तावेजों का संरक्षण और महत्वपूर्ण जानकारियां डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध हो सके। खान सचिव आनन्दी ने यह निर्देश आज खनिज भवन में राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेषन ट्रस्ट की कार्यसमिति की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में विपुल खनिज संपदा होने के साथ ही प्रदेश में खनिज खनन की पुरातन काल से समृद्ध परंपरा रही है।

खान सचिव आनन्दी डीएमजी प्रज्ञा केवलरमानी, जेएस नीतू बारुपाल, जीएसआई, आईबीएम, आरएसएमएम, एमईसीएल के साथ आरएसएमईटी की कार्य समिति की वर्चुअल बैठक ले रही थी। उन्होंने कहा कि देश दुनिया के कहीं से भी खनिज क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति, जिज्ञासु, विशेषज्ञ, शोधार्थी, अंवेषणकर्ता, खनन क्षेत्र में काम कर रहे व इस क्षेत्र में रुचि रखने वालों को राजस्थान की खनिज संपदा, खनिज क्षेत्रों, खनन क्षेत्रों, विभिन्न रिपोर्टस, नक्शों सहित विस्तृत जानकारी एक ही प्लेटफार्म पर मिलने के साथ ही डिजिटाइजेशन से विभागीय दस्तावेजों का संरक्षण व संवर्द्धन हो सकेगा। इसके लिए उन्होंने दस्तावेजों के चिन्हीकरण का कार्य तत्काल आरंभ करने के निर्देश दिए।

खान विभाग के दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन में पुरानी मन्युस्क्रिप्ट्स, हाथ और टाइपसुदा दस्तावेजों के साथ ही मेप डिजिटाइजेशन, एनक्लोजर्स, जियोलोजिकल रिपोर्टस व इसी तरह का अन्य रेकार्डस का भी डिजिटाइजेशन किया जाएगा। इसके लिए आधुनिक व पुरातात्विक महत्व के महत्वपूर्ण दस्तावेज संरक्षित रहने के साथ ही डिजिटल प्लेटफार्म पर एक क्लिक में उपलब्ध हो सके। आरएसएमईटी द्वारा कम समय में ही एक्सप्लोरेशन और प्लॉट तैयार करने के काम को गति देने की सराहना करते हुए उन्होंने तय समय सीमा में कार्य निष्पादन का वर्क प्लान बनाना होगा। आरएसएमईटी के मुख्यकार्यकारी अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि प्रदेश में खनिज एक्सप्लोरेशन और खनन ब्लॉकों की नीलामी को गति देने के उद्देश्य से आरएसएमईटी का गठन किया गया है।



## जगद्गुरू रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**आगरा/भाषा।** तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामभद्राचार्य महाराज को शुक्रवार सुबह सीने में दर्द की शिकायत के बाद आगरा के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारी ने यह जानकारी दी। फिलहाल उन्हें वायुमार्ग से देहरादून ले जाने की तैयारी की जा रही है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी को फोन करके उनका हालचाल जाना। जगद्गुरु की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में उनके अनुयायी हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं। यहां दिल्ली गेट स्थित पुष्पांजलि अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें यहां लाया गया, उनकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि डॉ. नवनीत शर्मा उनका इलाज कर रहे हैं, कुछ जांच हो चुकी हैं जबकि कुछ जांचों की रिपोर्ट आनी बाकी है। उन्होंने कहा कि शुरुआत जांच में छाती में संक्रमण की बात सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, रामभद्राचार्य महाराज की चार साल पहले हृदय बाईपास सर्जरी हो चुकी है, ऐसे में डॉक्टर हर तरह की जांच कर रहे हैं। पुष्पांजलि अस्पताल के संचालक डॉ. वी.डी. अग्रवाल ने बताया कि रामभद्राचार्य महाराज को वायुमार्ग से देहरादून ले जाने की तैयारी की जा रही है। अग्रवाल ने बताया कि हालांकि अभी खतरे की कोई बात नहीं है लेकिन उनके शिष्य उन्हें देहरादून ले जाना चाहते हैं, इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। अग्रवाल ने बताया कि देहरादून में उनके किसी अनुयायी का अस्पताल है।

# अब आधी आबादी को विधानसभा और संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम की चर्चा करते हुए कहा कि अब आधी आबादी को विधानसभा और संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता।

यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित शक्ति वंदन अभियान की शुरुआत करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि ''भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रदेश भर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) को लेकर आयोजित विभिन्न सम्मेलनों में एक उत्साह देखने को मिला था। गौरतलब है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, इस अधिनियम के बाद अब कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को विधानसभा और देश की संसद में पहुंचने से नहीं रोक सकता। देश में पहली बार महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उन्हें महिला स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बारे में बात करते हुए कहा कि ''पांच सौ वर्षों की लंबी लड़ाई, संघर्ष, तपस्या और साधना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सिद्धि प्राप्त हुई है।

उन्होंने कहा ''यह केवल प्राण प्रतिष्ठा समारोह नहीं बल्कि भारत की लोक आस्था, जन विश्वास और भारत के पुराने गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का एक अभियान है। आज जब पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश में अयोध्या धाम की ओर आकर्षित हो रही है तो आप सब भी अयोध्या धाम का दर्शन करेंगे। इसके लिए पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। आदित्यनाथ ने कहा, अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ वर्षों में देश में चलाए गए कार्यक्रम के अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।



## भाजपा उप्र में एक को छोड़कर अपने सभी वर्तमान सांसदों के टिकट काटेगी : अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य में एक को छोड़कर अपने सभी वर्तमान सांसदों का टिकट काटेगी। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में शून्य पर जाने से भयभीत सपा मुखिया अपने मन को तसल्ली देने के लिए इस तरह का बयान दे रहे हैं।

बजट सत्र के पहले दिन विधानसभा पहुंचे यादव ने सत्र शुरू होने से पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, भाजपा लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में एक (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) को छोड़कर अपने सभी वर्तमान सांसदों का टिकट काटेगी। उन्होंने वाराणसी के सांसद मोदी की ओर इशारा करते हुए कहा कि ''सुनने में आया है कि वो भी अपने लिए किसी अतिरिक्त सुरक्षित (जीतने वाली) सीट की तलाश कर रहे हैं। सपा प्रमुख ने शुक्रवार शाम सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ब्रेकिंग न्यूज- सूत्रों के हवाले से पता चला है कि भाजपा उत्तर प्रदेश में अपने सभी वर्तमान सांसदों का टिकट काटने जा रही है सिवाय एक को छोड़कर, लेकिन सुनने में आया है वो भी अपनी सीट बदल रहे हैं या फिर किसी सुदूर प्रदेश में एक अतिरिक्त सुरक्षित सीट ढूंढ रहे हैं।

## नीतीश सरकार में 'हम' के लिए एक और मंत्री पद चाहते हैं जीतन राम मांझी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हाल में बनी सरकार में अपनी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम)के लिए और अधिक हिस्सेदारी मांगी। मांझी ने शुक्रवार को कहा कि वह 'सवर्ण जाति के उम्मीदवार के लिए' एक और मंत्री पद चाहते हैं। उनके बेटे संतोष सुमन ने रविवार को राज्य में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) की सरकार में मंत्री पद की शपथ ली थी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य में राजग की सरकार बनने से पहले मैंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से कहा था कि 'हम' दो मंत्री पद चाहता है। अनुसूचित जाति से हमारा एक मंत्री है। अब हम चाहते हैं कि हमारी पार्टी से एक सवर्ण जाति के विधायक को मंत्रिमंडल में समायोजित किया जाए। 'हम' के सूत्रों ने बताया कि पार्टी संस्थापक मांझी भूमिहार नेता अनिल कुमार को मंत्री बनाना चाहते हैं, जो टिकारी विधानसभा सीट से विधायक हैं और वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। 'हम' के विधानसभा में चार सदस्य हैं। जद(यू) द्वारा 2022 में राजग से नाता तोड़ने के बाद मांझी भी गठबंधन से अलग हो गए थे, लेकिन छह महीने पहले ही वह भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन में लौट आए थे। उन्हें उम्मीद है कि उनकी मांग को लेकर भाजपा भी नीतीश पर दबाव बनाएगी।

## वित्त मंत्री ने बजट भाषण में बेरोजगारी पर एक शब्द नहीं बोला: प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश करते हुए बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं बोला। प्रियंका गांधी ने पोस्ट किया, दिन पर दिन महंगाई बढ़ती जा रही है और इसका सबसे ज़्यादा बोझ महिलाएं उठाती हैं। दूसरी तरफ, महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और कार्यस्थल पर उनके साथ भेदभाव होता है। सरकारी एजेंसी पीएलएफएस के अनुसार, महिला अस्थायी कामगारों को एक जैसे काम के लिए पुरुषों की तुलना में 48% कम पैसे मिलते हैं। वहीं, स्थायी महिला कामगारों को पुरुषों के मुकाबले 24% कम पैसे मिलते हैं। इन परिस्थितियों के बीच, सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात ये है कि इन विसंगतियों को दूर करने के लिए बजट में कोई बात नहीं की गई। प्रियंका गांधी ने कहा, भारत की जनता जिन दो सबसे बड़ी मुसीबतों का सामना कर रही है, वो है बेरोजगारी और महंगाई। केंद्र सरकार के बजट में इन दोनों मुसीबतों से निपटने के क्या उपाय हुए?'' उन्होंने आरोप लगाया, बेरोजगारी सारे रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। आईआईएम और आईआईटी जैसे देश के बड़े-बड़े संस्थान प्लेसमेंट की चुनौती से जूझ रहे हैं। बजट में नई नौकरियां सृजित करने और बेरोजगारी से निपटने का न तो कोई विजन है, न कोई योजना। सबसे बड़ा दुर्भाग्य कि वित्त मंत्री जी ने बेरोजगारी पर एक भी शब्द नहीं बोला।

## मुझे नहीं लगता केंद्र सरकार जम्मू कश्मीर में 2024 में चुनाव कराएगी : भक्त चरण दास



**जम्मू/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद भक्त चरण दास ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार इस साल सितंबर से पहले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराएगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि सरकार को केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराकर लोकतंत्र, लोगों की भावना और उच्चतम न्यायालय के निर्देश का सम्मान करना चाहिए।

लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सिफारिश करने के लिए क्लस्टर-4 स्क्रीनिंग कमेटी के प्रमुख दास यहां 26 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर प्रदेश चुनाव समिति के साथ बैठक से पहले पत्रकारों से बात कर रहे थे।

कांग्रेस नेता ने कहा, (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को लोकतंत्र, जम्मू-कश्मीर के लोगों की आकांक्षाओं और उच्चतम न्यायालय (जिसने सितंबर के अंत से पहले विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था) का सम्मान करना चाहिए। अगर सरकार चाहे तो चुनाव हो सकता है, लेकिन मुझे ऐसा होता नहीं दिख रहा है। उन्होंने कई जगह पर लोकतंत्र का सम्मान नहीं किया है। लेकिन यह अच्छा होगा अगर वे यहां विधानसभा चुनाव करायें।

## क्या अदालत के फैसले हमेशा सही होते हैं : रामगोपाल यादव



**नई दिल्ली/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता रामगोपाल यादव ने ज्ञानवापी मामले में तहखाने में पूजा की इजाजत देने वाले फैसले पर टिप्पणी करते हुए शुक्रवार को दावा किया कि कई मौकों पर अदालतें सही फैसला नहीं सुनाती हैं। वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में पूजा-अर्चना को फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी। यह प्रथा तीन दशक पहले बंद कर दी गई थी। फैसले के संबंध में सवालों पर यादव ने कहा, अदालत के आदेशों का हमेशा विरोध होता है। क्या अदालत के फैसले हमेशा सही होते हैं?'' अदालतें कई मौकों पर सही फैसला नहीं सुनाती हैं, इस टिप्पणी पर स्पष्टीकरण के लिए जोर दिए जाने पर राज्यसभा सदस्य ने कहा, कई मौकों पर ऐसा नहीं होता है। सब कुछ बिल्कुल सही नहीं होता...हर फैसला-एक पक्ष के लिए सही होता है, दूसरे पक्ष के लिए गलत।

संसद भवन परिसर में एक अन्य सवाल के जवाब में यादव ने कहा कि ज्ञानवापी पर फैसला आखिरकार उच्चतम न्यायालय करेगा। उन्होंने परोक्ष रूप से राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद फैसले का संदर्भ देते हुए कहा, ...आप जानते हैं कि एक फैसला आया, वह राज्यसभा में आए, दूसरा आयोग का अध्यक्ष बनेगा। ऐसा ही होता है। वाराणसी की अदालत के फैसले के कुछ घंटे बाद बुधवार रात तहखाने में नमाज अदा की गई। ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति ने बृहस्पतिवार को जिला अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया। लेकिन शीर्ष अदालत ने समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाने के लिए कहा।



## मैं चाहता हूं कि हिमंत और मिलिंद देवड़ा जैसे नेता कांग्रेस छोड़ दें: राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बहरामपुर (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** नेताओं के कांग्रेस छोड़ने के सिलसिले के बीच राहुल गांधी ने कहा है कि वह चाहते हैं कि हिमंत विश्व शर्मा और मिलिंद देवड़ा जैसे नेताओं को पार्टी से अलग हो जाना चाहिए क्योंकि उनकी विचारधारा इसके अनुरूप नहीं है।

शर्मा 2014 में भाजपा में शामिल हो गए थे जो अब असम के मुख्यमंत्री हैं। वहीं, देवड़ा पिछले महीने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए थे।

गांधी ने बृहस्पतिवार रात पश्चिम बंगाल में पार्टी के 'डिजिटल मीडिया वारियर्स' को संबोधित करते हुए कांग्रेस द्वारा अपनाए गए सिद्धांतों की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि हिमंत (विश्व शर्मा) और मिलिंद (देवड़ा) जैसे लोग चले जाएं। मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। हिमंत एक विशेष प्रकार की राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं, यह कांग्रेस पार्टी की राजनीति नहीं है।

गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 25 जनवरी को असम से पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर गई। यह शुक्रवार को झारखंड पहुंचने वाली है। उन्होंने कहा, क्या आपने हिमंत द्वारा मुसलमानों के बारे में दिए गए कुछ बयान सुने हैं? मुझे उनसे कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि कुछ ऐसे मूल्य हैं जिनका मैं बचाव करना चाहूंगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और मुंबई दक्षिण से पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा का इस्तीफा, कांग्रेस छोड़कर विशेषकर भाजपा की ओर नई राजनीतिक यात्रा शुरू करने वाले नेताओं का नवीनतम उदाहरण है।



## केंद्र की भाजपा सरकार का यह अंतरिम बजट नहीं, बल्कि 'अंतिम' बजट है : ममता

**कोलकाता/भाषा।** केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा में पेश 2024-25 के अंतरिम बजट को उसका 'अंतिम' बजट करार देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि इस साल होने वाले आम चुनाव में सत्तारूढ़ दल हार का स्वाद चखेगा।

कोलकाता में एक धरना प्रदर्शन के दौरान ममता ने यह टिप्पणी की। विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए केंद्र से राज्य के बकाए की मांग को लेकर शुक्रवार को यह धरना शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री ममता ममता ने कहा, यह अंतरिम बजट नहीं, बल्कि 'अंतिम' बजट है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मल सीतारमण ने बृहस्पतिवार को सरकार का अंतरिम बजट लोकसभा में पेश किया।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने 2011 से केंद्रीय कोष के इस्तेमाल के संबंध में उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा किया है। पार्टी ने प्रदेश में पहली बार 2011 में सत्ता संभाली थी।

उन्होंने कहा, हमारे सत्ता में आने से पहले, वाम मोर्चा सरकार के दौरान, जो हुआ उसकी जिम्मेदारी हम क्यों लें।

## बिहार के उपमुख्यमंत्री ने विभाग आवंटन, कैबिनेट विस्तार में देरी को ज्यादा महत्व नहीं दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लगभग एक सप्ताह पहले जद (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले नए मंत्रिमंडल में शपथ लेने मंत्रियों के बीच विभागों के आवंटन में देरी को शुक्रवार को अधिक महत्व नहीं दिया। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधा, जिसे नीतीश के फिर से पाला बदलने के बाद राज्य की सत्ता से हटना पड़ा है और जो तब से विभाग आवंटन एवं मंत्रिमंडल विस्तार पर निर्णय लेने में अक्षमता के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मजाक उड़ाता रहा है।

चौधरी ने कहा, मंत्रिमंडल विस्तार और विभाग आवंटन दोनों माननीय मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार हैं। इन चीजों से बिना किसी परेशानी के निपटा जाएगा। राजद को अपना 'ट्रैक रिकॉर्ड' याद रखना चाहिए। 1995 में, इसने केवल 12 मंत्रियों के साथ लगभग डेढ़ साल तक सरकार चलाई थी।

संदर्भ राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली सरकार की ओर था, जो उस समय अविभाजित जनता दल के साथ थे। तब बिहार में आज का झारखंड भी शामिल था और राज्य विधानसभा के सदस्यों की संख्या 324 हुआ करती थी, जबकि वर्तमान में यह 243 है।

चौधरी नई सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में नामित दो भाजपा नेताओं में से एक हैं।

## 'इंडिया' गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है, राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए नहीं : रमेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** कांग्रेस ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए है, किसी राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए नहीं और 27 दलों का विपक्षी गठबंधन बरकरार है तथा यह साथ मिलकर लड़ेगा। बिहार में 'महागठबंधन' के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया' गठबंधन से नाता तोड़ कर नीतीश कुमार नीत जनता दल (यूनाइटेड) हाल में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गया। इस तरह अब विपक्षी गठबंधन में 27 दल रह गए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि राहुल गांधी नीत 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 2024 के लोकसभा चुनावों के संदर्भ में बहुत लाभकारी होगी, हालांकि, यह राजनीतिक कार्यक्रम है, चुनाव प्रचार अभियान नहीं। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन आम चुनाव के लिए है और पश्चिम बंगाल या महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए नहीं।

## भारत ने सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भूटान को 10-0 से हराया

**ढाका/भाषा।** पूजा के चार गोल की मदद से भारत ने सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भूटान को 10-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूजा ने मैच के 31वें, 58वां, 59वां और स्टॉपेज समय (90+चार मिनट) में गोल किया जबकि शिवानी देवी (आठवां, 19वां और 36वां) भी गोल की हैट्रिक लगाने में सफल रही। भारत के लिए स्ट्राइकर सुलंजना राउल (53वें), मेनका लॉरेम्बम (61वें) और अरीना देवी (73वें) गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रही। गोलकीपर अनिका देवी और अरीना ने जूनियर अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया। भारत अपना अगला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

# मेरा ध्यान सत्र दर सत्र बल्लेबाजी करने पर लगा था : जायसवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**विशाखापत्तनम/भाषा।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 179 रन की पारी खेलने के बाद कहा कि उनका ध्यान सत्र दर सत्र बल्लेबाजी करने पर लगा था।

इस 22 साल के खिलाड़ी के शतक से भारत ने पहले दिन स्टंप उखड़ने तक छह विकेट पर 336 रन बनाए। छह टेस्ट में यह जायसवाल का दूसरा शतक है, उन्होंने पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, मैं सत्र दर सत्र खेलना चाहता था। जब वे अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे तो मैं उस स्पैल को खत्म होने देना चाहता था। लेकिन मैं ढीली गेंदों को भी रन में बदलकर अंत तक खेलते रहना चाहता था। उन्होंने कहा, राहुल द्रविड़ सर और रोहित भाई ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया और मुझे इसे बड़ी पारी में तब्दील करने के साथ अंत तक क्रीज पर डटे रहने को कहा। हैदराबाद में श्रृंखला के शुरुआती मैच में 80 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल ने सुनिश्चित किया कि वह अपनी मजबूत शुरुआत को बड़े शतक में तब्दील करे। जायसवाल ने कहा, मैं इसे दोहरा शतक बनाना चाहूंगा और टीम के लिए अंत तक क्रीज पर बने रहना चाहूंगा। मैं कल के लिए तरोताजा होना चाहता हूं। पिच की प्रकृति के बारे में पूछने पर जायसवाल ने कहा, शुरू में विकेट नम था और इसमें 'स्पिन और उछाल' के साथ थोड़ी सीम भी थी। उन्होंने कहा, पिच थोड़ा अलग बर्ताव कर रही थी क्योंकि सुबह में यह थोड़ी नम थी लेकिन फिर यह ठीक हो गई। पुरानी गेंद से इस पर थोड़ा उछाल था।

## यहां घूमने नहीं, अच्छा टेनिस खेलने आए है : भारतीय डेविस कप कप्तान जीशान अली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान दौरे पर गई भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली को शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कई अटपटे और हैरानी भरे सवालों का सामना करना पड़ा जिसमें 'क्रिकेट सहित अन्य भारतीय टीमें पाकिस्तान का दौरा क्यों नहीं करतीं' और 'पाकिस्तान में शॉपिंग (खरीदारी और सैर-सपाटा) के अनुभव' के बारे में पूछना शामिल रहा।

लगभग 60 साल बाद डेविड का मुकाबले के लिए पाकिस्तान गई भारतीय टीम दरअसल अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही आयी है। जीशान ने हालांकि रणनीतिक तरीके से इन सवालों का जवाब दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम को संक्षिप्त दौरे पर कहीं बाहर जाने का मौका मिलेगा। उन्होंने हालांकि इस दौरे पर टीम के मकसद के बारे में ज्यादा करते हुए कहा कि टीम यहां अच्छा टेनिस खेलने आयी है।

'शॉपिंग' के बारे में पूछे जाने पर जीशान ने कहा, हम कहीं बाहर नहीं गए हैं. मुझे उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है। भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर अधिक बच्चे इस खेल को अपनाएंगे तो इससे टेनिस को फायदा होगा और यही हमारा मुख्य इरादा है।

जीशान ने कहा, अगर हम दोस्ती बढ़ाने और टेनिस के खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में किसी भी तरह से मदद कर सकें, तो हमने अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहेंगे। भारत के गैर खिलाड़ी कप्तान ने स्वीकार किया कि एआईटी (अखिल भारतीय टेनिस महासंघ) द्वारा व्यक्त की गई सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) ने उन्हें अब तक सीमित तरीके से जो आतिथ्य सत्कार दिया है वह शानदार है।

## सुविचार

**यदि परिस्थितियों पर आपकी मजबूत पकड़ है तो जहर उगलने वाला भी आपका कुछ नही बिगाड़ सकता।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# मुइज्ज़ू की हठधर्मिता

मालदीव की संसद में 'झड़पें' और महाभियोजक पर रास्ते में 'हमले' जैसी घटनाएं राष्ट्रपति मुइज्ज़ू की अकुशलता और अदूरदर्शिता का परिणाम हैं। चीन से 'दोस्ती' निभाने की कोशिश में मुइज्ज़ू अपने देश को आंतरिक कलह और आर्थिक संकट की ओर लेकर जा रहे हैं। जब मालदीव की संसद में मंत्रिमंडल में चार सदस्यों को मंजूरी देने पर हुए 'मतभेद' का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ तो ऐसा लग रहा था कि यह गली-मोहल्ले के किसी 'झगड़े' का दृश्य है! वहीं, मालदीव के महाभियोजक हुसैन शमीम पर उस समय हथौड़े से हमला किया गया, जब वे अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर लौट रहे थे। इसे पूर्व नियोजित हमला बताया जा रहा है, जिसमें महाभियोजक के बाएं हाथ की हड्डी भी टूट गई! मुइज्ज़ू के राज में अशांति और मारधाड़ का वातावरण बन रहा है, जो इस देश की अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी है, चूंकि इसकी अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। जब संसद भवन में इस तरह मुक्के बरसाए जाएंगे और शीर्ष अधिकारी की हथौड़े से हड्डियां तोड़ी जाएंगी तो पर्यटकों में यही संदेश जाएगा कि मालदीव भी पाकिस्तान या अफगानिस्तान की तरह अशांति की ओर चल पड़ा है। हाल के वर्षों में वहां कट्टरपंथ बढ़ा है। विदेशी पर्यटकों के खानपान, पहनावे और पश्चिमी संस्कृति से जुड़े त्योहारों को लेकर कई तरह के ऐतराज जताए गए हैं। मालदीव का बुद्धिजीवी वर्ग जानता है कि अगर यहां कट्टरपंथियों के प्रभाव में आकर पाबंदियां लगाई गईं तो पर्यटकों का आना लगभग बंद हो जाएगा, कमाई खत्म हो जाएगी। इसलिए सरकारें भी खामोश रहीं।

अब मुइज्ज़ू चीन के इशारे पर मालदीव का बंटाधार करने को आमादा हैं। मालदीव के दो प्रमुख विपक्षी दलों मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट पार्टी ने भारत को 'सबसे पुराना सहयोगी' बताते हुए अपनी सरकार के 'भारत विरोधी रुख' पर चिंता जताई है। मुइज्ज़ू राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करते ही भारत आने के बजाय चीन चले गए थे। वे चुनाव प्रचार के दौरान ही 'चीनी कठपुतली' जैसा व्यवहार करने लगे थे। उन्होंने 'अनुसंधान और सर्वेक्षण कार्य' करने वाले एक चीनी जहाज 'शियांग यांग होंग 3' के मालदीव के बंदरगाह पर लंगर डालने और ईंधन भरने की अनुमति देने में जल्दबाजी दिखाई। यह जहाज कहने को तो 'अनुसंधान पोत' है, लेकिन चीन की मंशा किसी से छिपी नहीं है। वह ऐसे जहाजों का इस्तेमाल जासूसी के लिए करता है। स्पष्ट है कि भारत की ओर से इस पर कड़ी नजर रखी जाएगी, क्योंकि यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। चीन चाहता है कि वह मालदीव में अपना प्रभाव बढ़ाए। चूंकि यह देश (मालदीव) लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप से सिर्फ 70 समुद्री मील और मुख्य भूमि के पश्चिमी तट से 300 समुद्री मील की दूरी पर स्थित है। अगर चीन यहां अपना 'ठिकाना' बनाने में कामयाब रहता है तो यह भारत की सुरक्षा के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। यह इलाका हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) से गुजरने वाले वाणिज्यिक समुद्री मार्गों का केंद्र होने के कारण रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। हाल में मालदीव में एक किशोर को आपात चिकित्सा स्थिति के कारण एयर एंबुलेंस की सख्त ज़रूरत थी, लेकिन मुइज्ज़ू की हठधर्मिता के कारण उस बच्चे की मौत हो गई। अब मालदीव चिकित्सा निकासी के लिए श्रीलंका से मदद मांग रहा है। अगर मुइज्ज़ू को अपने देशवासियों की फिक्र होती तो वे भारत से संबंध नहीं बिगाड़ते। भारत के चिकित्सकों ने मालदीव के कितने ही लोगों का जीवन बचाया है। मुइज्ज़ू जिस चीन के इशारों पर काम कर रहे हैं, उसने आजतक मालदीव को क्या दिया और कितने लोगों का जीवन बचाया? मालदीव को मुइज्ज़ू की चीन से नजदीकी की भविष्य में बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

## ट्वीटर टॉक



आधुनिक बीकानेर के निर्माता, मरुभूमि के भागीरथ के नाम से विभूषित महाराजा गंगा सिंह जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर वंदन। क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण की भावना से परिपूर्ण उनके विचार सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

**-वसुंधरा राजे**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले है । आमजन की खाद्यान्न की चिंताओं को दूर कर 80 करोड़ से अधिक लोगों को नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है।

**-भजनलाल शर्मा**



भाजपा सरकार की नारी हित के लिए क्रियान्वित योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ देश की महिलाओं को मिल आ रहा है, जिससे वे सशक्त और समृद्ध बन रही हैं। सशक्त महिलाएं एक सभ्य परिवार-समाज और देश के निर्माण में अहम भूमिका अदा कर रही है।

**-दीया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

# कर्म से सार्थक जीवन

रूस के प्रतिष्ठित विचारक टॉलस्टॉय ने यूरोप यात्रा के दौरान देखा कि उनके लिखे साहित्य से बड़े-बड़े बुद्धिजीवी प्रभावित हैं। अपनी आत्मकथा 'कन्फेशन' में उन्होंने लिखा है, 'प्रतिष्ठा से पुलकित मेरे मन में यह जिज्ञासा पैदा हुई कि कीर्ति, धन, ऐश्वर्य पाकर क्या मनुष्य का जीवन सार्थक हो जाता है? मैं विचार करता हूं कि क्या ये सभी चीजें मृत्यु को रोक सकती हैं? मनुष्य के जीवन की सार्थकता क्या है? ये प्रश्न मेरे मन को झकझोरते रहते हैं।' टॉलस्टॉय ने गीता और अन्य धर्मग्रंथों का अध्ययन किया था। उन्हें अनुभूति होने लगी कि जीवन की सार्थकता कर्म में है। एक किसान मौसम की चिंता किए बिना प्रत्येक दिन खेत में शारीरिक श्रम करता है। यदि मौसम खराब होने के कारण फसल खराब होती है, तब भी वह अपने परिश्रम पर पछतावा नहीं करता है। वह बिना घबराए सभी प्रकार के कष्ट सहने की क्षमता रखता है। टॉलस्टॉय ने कर्म को ही मानव का सच्चा धर्म माना है। वह भारतीय संस्कृति के प्रमुख सूत्रों, सत्य, अहिंसा, करुणा की भावना से बहुत प्रभावित रहे हैं।

## सामयिक

# सहयोगी दलों की भावनाओं को समझे कांग्रेस

**रमेश सराफ धमोरा**
**मोबाइल : 9414255034**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाकर एक साथ चुनाव लड़ने का संकल्प जाहिर किया था। कांग्रेस गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है। मगर गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों की ताकत भी कम नहीं है। क्षेत्रीय दल भी अपने-अपने प्रदेशों में मजबूत स्थिति में है। इंडिया गठबंधन भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विकल्प मिला था। लगने लगा था कि आने वाले समय में यह गठबंधन भाजपा को टक्कर दे सकता है। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने लगा वैसे-वैसे ही क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने कांग्रेस से सीटों का बंटवारा करने की बात करने लगे। मगर कांग्रेस पार्टी पहले कर्नाटक व हिमाचल विधानसभा चुनाव में व्यस्तता की बात कहती रही। फिर राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बहाने बात को टाल दिया। कांग्रेस के चलते इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। हालांकि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना को छोड़कर बाकी तीनों प्रदेशों में चुनाव हार गई। उसके बाद भी कांग्रेस ने सीटों के बंटवारे को लेकर बात आगे नहीं बढ़ायी।

इसी के चलते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। ममता बनर्जी वहां कांग्रेस को मौजूदा दो सीट बहरामपुर व दक्षिण मालदा ही देना चाहती है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीटों पर दावा कर रही है। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस बहुत कमजोर है। ऐसे में उनकी पार्टी ही भाजपा को हरा सकती। इसलिए वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं देगी। इसके अलावा ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के साथ किसी तरह का सीट बंटवारा या समझौता भी नहीं करना चाहती है। ममता बनर्जी की एक तरफा घोषणा से इंडिया गठबंधन कमजोर पड़ा है। वहां कांग्रेस व वामपंथी दल बिना ममता बनर्जी के प्रभाव नहीं दिखा पाएगें।

सीटों पर तालमेल नहीं होने के चलते ही इंडिया गठबंधन के शिल्पकार व प्रमुख स्तंभ रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में पुनः भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली है। नीतीश कुमार का इंडिया गठबंधन को छोड़कर एनडीए में शामिल होना इंडिया गठबंधन के लिए शुभ संकेत नहीं है। नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन छोड़ने के बाद राष्ट्रीय जनता दल के बजाय कांग्रेस पर अधिक निशाना साधा है। नीतीश कुमार का कहना है कि कांग्रेस के नेता मनमाने ढंग से गठबंधन को चलाना चाहते हैं। जिसके चलते उन्होंने गठबंधन छोड़कर भाजपा के साथ जाने में ही जदयू की भलाई समझी।

> **कांग्रेस नेताओं को इस बात पर चिंतन मनन करना चाहिए कि ऐसी परिस्थितियों क्यों बन रही है जिसके कारण नीतीश कुमार जैसे मजबूत नेता को इंडिया गठबंधन छोड़ना पड़ा। भविष्य में ऐसी स्थिति फिर से ना बने जिससे उनके किसी अन्य सहयोगी को भी गठबंधन से अलग होना पड़े। इस बात की पूरी जिम्मेवारी कांग्रेस पार्टी को लेनी होगी। बहरहाल तो नीतीश कुमार के जाने से इंडिया गठबंधन में टूट का जो सिलसिला शुरू हुआ है। उसका नतीजा क्या होगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।**

बिहार भाजपा के लिए सबसे कमजोर कड़ी साबित हो रहा था। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा ने वहां 17 सीटें जीती थी। मगर वर्तमान में भाजपा सबसे कमजोर स्थिति भी बिहार में ही नजर आ रही थी। मगर नीतीश कुमार के पुनः भाजपा से जुड़ने के चलते बिहार में एक बार फिर भाजपा के मजबूत होने की संभावना लगने लगी है। इंडिया गठबंधन का संयोजक नहीं बनाना भी नीतीश कुमार के जाने का एक बड़ा कारण रहा है।

नीतीश कुमार चाहते थे कि उन्हें इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया जाए। मगर कांग्रेस ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त करवा दिया था। जिससे नीतीश कुमार मन ही मन खुन्नस खाए हुए थे। नीतीश कुमार चाहते थे कि इंडिया गठबंधन का संयोजक बनने से वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। मगर कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। जिसके चलते उन्हें लगने लगा कि कांग्रेस अपने ही नेताओं को प्रधानमंत्री का दावेदार बनाने जा रही है। इसलिए उन्होंने भाजपा से हाथ मिलाना ही बेहतर समझा।

उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए ग्यारह सीट व राष्ट्रीय लोकदल के लिये सात सीट छोड़कर बाकी 62 सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव लड़वाने की घोषणा कर दी है। जबकि कांग्रेस वहां 20 सीटों पर दावेदारी जता रही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास अभी एक मात्र रायबरेली की सीट है। जहां से सोनिया गांधी सांसद है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को वहां मात्र 6.31 प्रतिशत ही वोट मिले थे। उत्तर प्रदेश में पिछले लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के चलते कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत कमजोर रहा था। वहां पिछले विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस को 2.33 प्रतिशत ही वोट मिल पाये थे। कांग्रेस वहां अकेले ही चुनाव लड़ेगी तो स्थिति बहुत कमजोर रहेगी।

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, असम, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोवा में कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस अपने प्रभाव वाले प्रदेशों में भी साथी दलों के लिए कुछ सीटे छोड़े। जिससे उनके प्रत्याशी वहां चुनाव लड़ सके। दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा में आम आदमी पार्टी का प्रभाव है। जिसके चलते आप चाहती है कि गोवा व गुजरात में कांग्रेस उनके लिए कुछ सीट छोड़ें। बदले में दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को कुछ सीट दे सकती है। मगर कांग्रेस चाहती है कि पंजाब में अधिक सीटों पर वह लड़े। इसी के चलते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।

बिहार में कांग्रेस को राष्ट्रीय जनता दल, भाकपा माले, भाकपा, माकपा के साथ ही अन्य दलों के साथ समझौता करना पड़ेगा। इसी तरह झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतरेंगे। महाराष्ट्र में शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार आज भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। बाबा साहेब आंबेडकर के पोते प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी भी महाविकास अघाड़ी में शामिल हो गयी है। महाराष्ट्र में कांग्रेस को अघाड़ी में शामिल दलों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सीटों के बंटवारे की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

विपक्ष में सबसे बड़ा दल होने के चलते कांग्रेस की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है कि वह अपने साथ इंडिया गठबंधन में शामिल सभी छोटे-बड़े दलों को जोड़कर उनकी भावनाओं को समझे और उन्हें सम्मानजनक स्थिति प्रदान करें। ममता बनर्जी, भगवंत मान, अखिलेश यादव की सीट बंटवारे पर एकतरफा घोषणा करने व नीतीश कुमार के एनडीए के साथ जाने से इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है।

ऐसे में कांग्रेस नेताओं को इस बात पर चिंतन मनन करना चाहिए कि ऐसी परिस्थितियों क्यों बन रही है जिसके कारण नीतीश कुमार जैसे मजबूत नेता को इंडिया गठबंधन छोड़ना पड़ा। भविष्य में ऐसी स्थिति फिर से ना बने जिससे उनके किसी अन्य सहयोगी को भी गठबंधन से अलग होना पड़े। इस बात की पूरी जिम्मेवारी कांग्रेस पार्टी को लेनी होगी। बहरहाल तो नीतीश कुमार के जाने से इंडिया गठबंधन में टूट का जो सिलसिला शुरू हुआ है। उसका नतीजा क्या होगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।


## नजरिया

# भ्रष्टाचार निवारण है सशक्त लोकतंत्र का आधार

**ललित गर्ग**
**मोबाइल : 9811051133**

झारखंड राज्य में जमीन खरीद में गड़बड़ी, अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के कथित पुराने मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से झारखंड की सरकार संकट में आ गयी और उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े भारत लोकतंत्र के आदर्श एवं सशक्त होने की बड़ी अपेक्षा है। आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा। हेमंत सोरेन के बाद अब अगला नम्बर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का है। स्पष्ट है कि अब भ्रष्टाचारियों की नैया पार होने वाली नहीं है। अगर ये लोग सोचते हैं कि ताकतवर होने के कारण कानून उन तक नहीं पहुंच सकता, तो ये मुगालते में हैं। अगर उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, तो उन्हें अपने किए की सजा मिलेगी ही। भ्रष्ट आचरण से करोड़ों-अरबों की संपत्ति लूटने वाले नेतागण शायद नहीं जानते कि केंद्र में ऐसी मजबूत सरकार है, जो भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती। इसीलिए तो जांच एजेंसियों को पूरी छूट मिली हुई है कि वे भ्रष्ट आचरण करने वालों को पकड़ें। दबाव मुक्त केन्द्रीय एजेंसियां अपने काम में जुटी भी हुई हैं, उनकी टांग खिंचने की बजाय उनका हौसला बढ़ाना चाहिए।

इनदिनों गैरभाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी जेल की सलाखों के पीछे हैं, इनकी गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक मजबूरियां जी रहे हैं। राजनीति की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। राजनीतिक दल अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।




भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर इंडिया गठबंधन में कोई बहस नहीं है, कोई आदर्श राष्ट्र निर्माण की दृष्टि एवं दिशा नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाए, तो उनके मंच के संवाद पहले निम्न दर्जे तक गिरते हैं और फिर कीचड़ को ही संवाद का विकल्प मान लिया जाता है। इन दिनों यही हो रहा है। भ्रष्टाचार के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही हैं, वह सराहनीय है। भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके ऐसे नेताओं की कमी नहीं है, जो यह मानते हैं कि सरकार उनकी है और वे कुछ भी कर सकते हैं। इस तरह की भ्रामक सोच भारतीय राजनीति का पतन कर रही है। इसकी शुचिता और पारदर्शिता को धूमिल कर रही है। पहले राजनीति का अर्थ लोगों की सेवा करना होता था, लेकिन बाद में यह अपने लोगों की सेवा का माध्यम समझी जाने लगी। बिहार, बंगाल, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्य तो इसमें सबसे ऊपर दिखते हैं। झारखंड में ही अभी जो घटनाक्रम हुआ है, क्या उससे यह धारणा नहीं बनती कि हेमंत सोरेन ने जरूर कुछ ऐसे कार्य किए हैं कि पहले उन्हें ईडी से भागना पड़ा और जब उन पर दबिश बढ़ी, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर ईडी अधिकारियों के हाथों गिरफ्तार होना पड़ा।

> **इनदिनों गैरभाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी जेल की सलाखों के पीछे हैं, इनकी गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है।**

बिहार का हाल भी झारखण्ड से अलग नहीं है। वहां पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का भ्रष्टाचार लगातार खबरों में रहा है, वे भी सजा भुगत चुके हैं। उनके पुत्र तेजस्वी यादव व अन्य परिजन पर भी जमीन घोटाले के आरोप हैं। कहा जाता है कि जब ईडी ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछे, तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने घोटाले के वक्त खुद के नाबालिग होने की बात कही। जब ईडी अधिकारियों ने पूछा कि करोड़ों की कंपनी कैसे बनाई, तो उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी न होने की बात कही। जबकि लालू यादव के पास इतनी संपत्ति कैसे जमा हुई, यह कोई छिपा रहस्य नहीं है। इसलिए यह कयास भी गलत नहीं है कि देर-सबेर तेजस्वी यादव भी अपने पिता की तरह जेल में दिख सकते हैं। कुछ इसी तरह की कहानी देश के अन्य राज्यों में भी है, जहां मुख्यमंत्री और बड़े नेता ईडी के निशाने पर हैं, इसलिए मुमकिन है कि आने वाले दिनों में हम और भी कई नेताओं को कालकोठरी में देख सकते हैं।

बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय जनता दल, की ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसकी खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भ्ज्ञी दल के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बुगल बजाय हुए हैं तो यह आजादी के अमृत महोत्सव मनाने की सार्थक पहल है, जिसके माध्यम से वे भारत के विलक्षण और ऐतिहासिक प्रधानमंत्री माने जाएंगे। राजनीतिज्ञों की साख गिरेगी, तो राजनीति की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। हमारे पास राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टचार के बाद तीसरा नंबर इस कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही राजनीति के औजार नहीं है, इसलिए राजनीति को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इससे खिलाफ लड़ाई के लिए काफी वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, लेकिन कीचड़ उछाल से परहेज करके और सार्थक बहस चलाकर देश की राजनीति का सुधार आंदोलन शुरू किया जा सकता है। राजनैतिक कर्म में अपना जीवन लगाने वालों से इतनी उम्मीद तो की ही जानी चाहिए कि भ्रष्टाचार के खिलाफ होने वाली कार्रवाइयों को राजनीतिक रंग न दे। ऐसी ही उम्मीदभरी एवं स्वच्छ राजनीति से भारत का लोकतंत्र समृद्ध हो सकेगा।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

शुभारंभ



शुक्रवार को हैदराबाद में डिज़ाइनर प्रदर्शनी के भव्य शुभारंभ पर मॉडल इशिका, कुसुम और अन्य के साथ प्रदर्शनी की मुख्य आयोजक अनिता अग्रवाल।

# भाजपा ने कहा, विपक्ष में सभी नेता बनना चाहते हैं प्रधानमंत्री : कांग्रेस ने कहा कि जनता हुई जागरुक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सरकार ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' अस्थिर है और उसके सारे नेता प्रधानमंत्री पद की दौड़ में हैं, वहीं विपक्षी कांग्रेस ने दावा किया कि सरकार के खिलाफ जनता जागरुक हो गई है और पूरा विपक्ष उसके साथ चट्टान की तरह खड़ा है। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल और भाजपा की सांसद हिना गावित ने लोकसभा में विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के पिछले दस साल के विकास कार्यों के कारण जनता फिर से उन पर भरोसा जताएगी, वहीं कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार जनता के बीच 'भ्रम' के अस्त्र का इस्तेमाल कर रही है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए गावित ने कहा कि आज 'इंडिया' गठबंधन की हालत ऐसी क्रिकेट टीम की तरह है जिसके सभी 11 खिलाड़ी कप्तान बनना चाहते हैं। उन्होंने एक रियलिटी टेलीविजन शो का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्षी गठजोड़ की स्थिति 'बिग बॉस' के घर की तरह है जहां सभी प्रतिभागी एक छत के नीचे रहते हैं, लेकिन सभी की नजर प्रधानमंत्री पद की कुर्सी पर रहती है।

उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में यह विश्वास जताया है कि अगले वित्त वर्ष का पूर्ण बजट फिर से मोदी सरकार ही लाएगी। गावित ने कहा, मुझे विश्वास है कि मोदी सरकार की नीतियों और विकास कार्यों के कारण जनता इस बार भी उन्हें ही अवसर देगी। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को जहां सरकार की योजनाओं के जमीन पर उतरने का लाभ मिलेगा, वहीं पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के 10 साल की 'नीतिगत पंगुता' और देरी के कारण विकास कार्य रुक जाने का नुकसान विपक्षी दलों को होगा।

गावित ने कहा कि अगला चुनाव मोदी सरकार की 'एफिशियेंसी' (दक्षता) बनाम 'इंडिया' गठबंधन की 'डेफिशियंसी' (कमियां) होगा। भाजपा सदस्य ने कहा कि सरकार जहां एकजुट है, वहीं विपक्ष अस्थिर और बिखरा हुआ है। केंद्रीय मंत्री एस पी सिंह बघेल ने केंद्र सरकार की योजनाओं के असर का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में विकासयुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है।

# भारतीय अमेरिकी निक्की हेली ने ट्रंप और बाइडन को खड़ूस बूढ़े करार दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की भारतीय अमेरिकी दावेदार निक्की हेली ने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए उन्हें खड़ूस बूढ़े (ग्रंपी ओल्ड मैन) बताया। हेली ने 'ग्रंपी ओल्ड मैन' फिल्म का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने फिल्म के पोस्टर पर अभिनेताओं के चेहरे के स्थान पर अपने प्रतिद्वंद्वियों के चेहरे लगाकर इसे अपने सोशल मीडिया मंच पर साझा किया। हेली ने यह पोस्ट ऐसे समय में साझा की जब रिपब्लिकन उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया के तहत इस महीने साउथ कैरोलाइना के अहम प्राइमरी चुनाव होने वाले हैं और इस प्राइमरी चुनाव में हेली की स्थिति 'करो या मरो' वाली है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत और साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर हेली (52) एकमात्र दावेदार बची हैं जो रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने के लिए ट्रंप (77) को चुनौती दे रही हैं। ट्रंप रिपब्लिकन उम्मीदवार और बाइडन (81) डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने के सबसे प्रबल दावेदार हैं। 'खूसट बूढ़े' यानी 'ग्रंपी ओल्ड मैन' थीम के तहत राजनीतिक विज्ञापनों की नयी श्रृंखला के तहत हेली ने ट्रंप और बाइडन की उम्र को लेकर उन पर निशाना साधा। उन्होंने 1993 में रिलीज हुई फिल्म 'ग्रंपी ओल्ड मैन' का ऐसा पोस्टर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया जिसमें फिल्म कलाकारों के चेहरों की जगह बाइडन और ट्रंप के चेहरे लगे थे।

हेली ने ट्रंप को कड़ी टक्कर देने की प्रतिबद्धता जताते हुए संवाददाताओं से बृहस्पतिवार को कहा, मैं कहीं नहीं जा रही। हमें देश को बचाना है। बाइडन अमेरिका के अब तक के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं।

हेली के चुनाव प्रचार अभियान दल ने 'ग्रंपी ओल्ड मैन' विज्ञापन श्रृंखला के दौरान निक्की हेली से बहस करने से ट्रंप के इनकार की बात को रेखांकित किया। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, ट्रंप कहते हैं कि वह 20 साल पहले की तुलना में अधिक तेज हैं और वह मानसिक योग्यता परीक्षा में उत्तीर्ण होने की अपनी क्षमता के बारे में डींगें मारते हैं।

# चंपई सोरेन : अपने पिता के साथ खेतों में हल चलाने से लेकर मुख्यमंत्री पद तक का तय किया सफर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रांची। झारखंड में सरायकेला-खरसांवा जिले के जिलिंगगोड़ा गांव में कभी अपने पिता के साथ खेतों में हल चलाने वाले चंपई सोरेन राजनीति में एक लंबा सफर तय कर राज्य के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे हैं। अलग राज्य के लिए 1990 के दशक में चले लंबे आंदोलन में अपने योगदान को लेकर चंपई (67) 'झारखंड टाइगर' के नाम से भी जाने जाते हैं। बिहार के दक्षिणी हिस्से को विभाजित कर वर्ष 2000 में झारखंड का गठन किया गया था। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रमुख शिबू सोरेन के वफादार माने जाने वाले चंपई, धन शोधन के एक मामले में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें गिरफ्तार किये जाने के बाद झामुमो विधायक दल के नेता चुने गए।

मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की बागडोर संभालने वाले चंपई सातवें व्यक्ति हैं। उनसे पहले बाबूलाल मरांड़ी, अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन, मधु कोड़ा, रघुवर दास और हेमंत सोरेन झाऱखंड के मुख्यमंत्री रहे। शिबू सोरेन और उनके बेटे हेमंत के बाद झामुमो से मुख्यमंत्री बनने वाले वह तीसरे नेता हैं।

चंपई ने झामुमो विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मैं अपने पिता (सिमल सोरेन) के साथ खेतों में काम किया करता था...अब किस्मत ने मुझे एक अलग भूमिका निभाने का मौका दिया है। सरकारी स्कूल से मैट्रिक तक की पढ़ाई करने वाले चंपई की शादी काफी कम उम्र में ही हो गई थी। उनके चार बेटे और तीन बेटियां हैं। उन्होंने 1991 में सरायकेला सीट से उपचुनाव में निर्दलीय विधायक चुने जाने के साथ अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की। इसके चार साल बाद उन्होंने झामुमो के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा और भाजपा उम्मीदवार पंचू टुडू को हराया था। वहीं, 2000 के विधानसभा चुनाव में इसी सीट पर वह भाजपा के अनंत राम टुडू से हार गए।उन्होंने 2005 में, भाजपा उम्मीदवार को 880 मतों के अंतर से शिकस्त देकर इस सीट पर फिर से अपना कब्जा जमा लिया। चंपई ने 2009, 2014 और 2019 के चुनावों में भी जीत हासिल की। वह सितंबर 2010 से जनवरी 2013 के बीच अर्जुन मुंडा नीत भाजपा-झामुमो गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे। हेमंत सोरेन ने 2019 में राज्य में जब दूसरी बार सरकार बनाई, तब चंपई खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और परिवहन मंत्री बनाये गए।

# सैनिकों को वापस बुलाने के मुद्दे पर हो रही भारत-मालदीव कोर समूह की दूसरी बैठक

नयी दिल्ली/दक्षिण भारत। भारत और मालदीव, द्वीपीय देश में भारतीय सैन्य प्लेटफॉर्म का संचालन जारी रखने के लिए एक परस्पर स्वीकार्य समाधान तलाशने को लेकर शुक्रवार को अहम वार्ता कर रहे हैं। विषय से अवगत लोगों ने यह जानकारी दी। भारत-मालदीव के कोर समूह की दूसरी उच्च स्तरीय बैठक दिल्ली में जारी है। इसके दो सप्ताह पहले, माले में हुई पहली बैठक में इस विवादास्पद मुद्दे पर कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हो सकी थी। सूत्रों ने बताया कि कोर समूह की बैठक एक परस्पर स्वीकार्य समाधान तलाशने के लिए जारी है। दिसंबर में, दुबई में सीओपी28 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच हुई एक बैठक के बाद दोनों पक्षों ने कोर समूह गठित करने का निर्णय लिया था। पिछले महीने, मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारत को 15 मार्च तक अपने सैन्य कर्मियों को उनके देश से वापस बुलाने कहा था। अभी भारत के करीब 80 सैन्य कर्मी मालदीव में हैं, जो मुख्य रूप से दो हेलीकाप्टर और एक विमान का संचालन करने के लिए हैं। मुइज्जू के पिछले साल नवंबर में सत्ता में आने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव आ गया। कार्यभार संभालने के बाद, व्यापक रूप से चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू का यह कहना रहा है कि वह भारतीय सैन्य कर्मियों को देश से निष्कासित कर अपने चुनावी वादे को पूरा करेंगे। मुइज्जू (45) ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति चुनावों में भारत समर्थक इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हरा दिया था।

# श्रीमद रामायण में 'कैकयी' की भूमिका निभाकर रोमांचित हैं शिल्पा सकलानी

मुंबई/वार्ता



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद रामायाण में रानी कैकयी का किरदार निभाकर शिल्पा सकलानी बेहद रोमांचित है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित महाकाव्य गाथा, श्रीमद रामायण, भगवान राम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है। श्रीमद रामायण में शिल्पा सकलानी ने रानी कैकेयी की भूमिका निभायी है, जो अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक कौशल के लिए जानी जाती हैं।

शिल्पा सकलानी ने कहा,रानी कैकेयी एक दुर्जेय किरदार है।वह एक ऐसी रानी हैं जो अपने पति से प्रेम करती हैं, लेकिन वह मंथरा द्वारा पैदा की जा रही असुरक्षाओं से नहीं लड़ पाती और ऐसा विकल्प चुनती हैं जो अंततः उनके परिवार को तोड़ देता है। कैकेयी मानव स्वभाव की उलझी हुई भावनाओं का प्रतीक है और दर्शाती हैं कि दूसरों के उद्देश्यों के लिए असुरक्षाओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है, और यह रामायण की सबसे बड़ी शिक्षाओं में से एक है। योद्धा, राजनयिक और सबसे पसंदीदा रानी; कैकेयी एक नकारात्मक किरदार के अलावा भी बहुत कुछ है। श्रीमद रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 09 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहा है।





# शार्क टैंक इंडिया सीजन 3 में हर्षल महादेव नक्श ने ने 'एआई कार्स' की पिच बिछाई

मुंबई/एजेन्सी

बिजनेस रियलिटी शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 3 में हर्षल महादेव नक्शने ने 'एआई कार्स' की पिच बिछाई। उनकी यह पहल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से ऑटोमोबाइल उद्योग में क्रांति लाने के लिए समर्पित हैं। बचपन में कार खरीदने का सपना देखने वाले महाराष्ट्र के छोटे से गांव यवतमाल के निवासी 27 वर्षीय हर्षल, ने 'शार्क टैंक इंडिया 3' में अपने उद्यमशीलता के सपने 'एआई कार्स' को प्रस्तुत किया।

हर्षल की यात्रा 19 साल की उम्र में शुरू हुई, जिसने एक वैश्विक ऑटोमोबाइल कंपनी बनाने के उनके जुनून को बढ़ाया। 2014 से 2019 तक ईंधन सेल पर काम करने के बाद, उन्होंने प्रोटोटाइप बनाने के लिए 60 लाख रुपये और व्यक्तिगत बचत का निवेश किया। ऑटोमोटिव क्षेत्र में बदलाव लाने का लक्ष्य रखते हुए, हर्षल ने 4 प्रतिशत इक्विटी के बदले 2 करोड़ रुपये का निवेश मांगा। जबकि पिच ने शार्क्स के साथ तालमेल बिठाया, संस्थापक बिना किसी सौदे के टैंक से बाहर चले गए। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए हर्षल ने कहा, ''हमारे ब्रांड एआई कार्स के साथ 'शार्क टैंक' में भाग लेना युवा उद्यमियों के लिए एक जबरदस्त अवसर है। जबकि शार्क केवल राजस्व उत्पन्न करने वाली कंपनियों में निवेश करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय टेलीविजन पर दिखाए जाने से प्रथम चरण उद्यमों को समर्थन मिलने से हमारी दृश्यता बढ़ती है। मैं ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर अपनी तकनीक प्रदर्शित करने के अवसर के लिए आभारी हूं।'' 'शार्क टैंक इंडिया 3' सोनी लिव पर प्रसारित होता है।



# आर्टिकल 370 का पहला गाना 'दुआ ' रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फ़िल्म आर्टिकल 370 का पहला गाना 'दुआ ' रिलीज़ हो गया है। गाना 'दुआ' को जुबिन नौटियाल और शाश्वत सचदेव ने स्वरबद्ध किया है। शाश्वत ने ही गाने का म्यूज़िक भी तैयार किया है। गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं, जबकि फ़ीमेल वॉइस प्रियांशी नायडू ने दी है।यामी गौतम ने कहा,जब मैंने पहली बार गाना सुना तो मैं बेहद भावुक हो गई थी। गाने के बोल इतने दमदार हैं कि वे आपके दिल को छू जाते हैं। साथ ही, इसे कश्मीर के बहुत ही खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, जो इसे और भी इंपैक्टफुल बनाता है। लेकिन हां, यह उन सभी लोगों के लिए एक खूबसूरत ट्रिब्यूट है जो निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं।

निर्देशक आदित्य सुहास जांभले ने कहा,हम हमेशा से एक ऐसा एंथम बनाना चाहते थे जो देश की भावनाओं से जुड़ा हो। हम चाहते थे कि यह एक ऐसा एहसास हो, जो कभी नहीं बदलता चाहे चीजें कैसे भी विकसित हों। मुझे लगता है कि शाश्वत यह काम बहुत ही खूबसूरती से करने में सक्षम हैं।भारत के बारे में यह गाना बनाने के पीछे हमारी सोच यह थी कि हम सभी ख़ूबसूरत तथ्य को छुएं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे देश ने क्या झेला है, लेकिन पूरा देश आज भी एकजुट है। यह गाना उसी के लिए हमारी ओर से एक ट्रिब्यूट है। दुआ हमारी ओर से भारतीयों और उनकी अमर भावना को दिया गया ट्रिब्यूट है।

जुबिन नौटियाल ने कहा,इस गाने को गाते हुए मैंने व्यक्तिगत रूप से खूब एन्जॉय किया है। मेरा मानना है कि इस गाने में इतनी ताक़त है कि प्रत्येक भारतीय के गहरे इमोशन को उजागर करेगा, जैसे कि मुझमें था। दिल को छू जाने वाले इस गाने के बोल और मधुर संगीत गाने में एक रूहानी क्वालिटी लेकर आते हैं। यह गाना सभी संगीत प्रेमियों के लिए है। इसके अलावा, राष्ट्र के लिए गाना मेरे दिल में ख़ास जगह रखता है।यह गाना निश्चितरूप से देश के प्रति हमारे साझा प्रेम में एकता और गर्व की भावना जगाएगा।

# स्पाई यूनिवर्स में हुई आलिया भट्ट की एंट्री, जासूस के रूप में आएंगी नजर

मुंबई/एजेन्सी



आलिया भट्ट ने हाल में फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम किया है। वह इस अवॉर्ड को पाकर काफी खुश हैं। वैसे वो इन दिनों अपनी कम्पनी की पहली निर्मित फिल्म जिगरा को लेकर चर्चाओं में हैं। जिगरा में वह केन्द्रीय भूमिका में नजर आएंगी। बताया जा रहा है आलिया इसमें जबरदस्त एक्शन करती नजर आएंगी। इसे करण जौहर और आलिया की प्रोडक्शन कंपनी मिलकर प्रोड्यूस कर रही है। इन सबके बीच, आलिया की एक और फिल्म का अनाउंसमेंट हुआ है। यह एक स्पाई थ्रिलर फिल्म होगी। इसमें उनके साथ शरवरी वॉघ भी होंगी। खास बात है यह फिल्म स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा होगी। स्पाई यूनिवर्स में अब तक एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान और टाइगर 3, जैसी फिल्में बन चुकी हैं। आलिया भट्ट और शरवरी वॉघ स्टारर इस फिल्म को शिव रवैल निर्देशित करेंगे, जिन्होंने वेब सीरीज 'द रेलवे मेन' को निर्देशित किया था। इस एक्शन से भरपूर फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है।

फिल्म में आलिया और शरवरी सुपर एजेंट्स की भूमिका निभाती नजर आएंगी और इसका निर्माण जल्द ही शुरू होने वाला है। इंडस्ट्री के एक सूत्र के अनुसार, 'द रेलवे मेन' के बाद निर्देशक शिव रवैल इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। सूत्र ने कहा, वाईआरएफ के लिए शिव की पहली निर्देशित सीरीज 'द रेलवे मेन' जबरदस्त हिट रही है। वह युवा हैं और उन्हें इस बात की अच्छी समझ है कि युवा एंटरटेनमेंट के तौर पर क्या चाहते हैं।

सूत्र ने कहा, आदित्य को विश्वास है कि वह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की एक्शन एंटरटेनर का निर्देशन करने के लिए बेहतरीन निर्देशक हैं, जिसमें शरवरी के साथ आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, स्पाई यूनिवर्स की शुरुआत 'टाइगर' फ्रेंचाइजी के साथ हुई, जिसमें सलमान खान और कैटरीना कैफ ने अभिनय किया, जिसकी शुरुआत 'एक था टाइगर' और 'टाइगर जिंदा है' से हुई और ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ स्टारर 'वॉर' और शाहरुख खान-स्टारर 'पठान' और सलमान खान-स्टारर 'टाइगर 3' तक जारी रही।

# पूनम पांडे की मौत के बाद, डॉक्टरों ने कहा- भारतीयों के लिए सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन जरूरी



मुंबई/एजेन्सी

मॉडल एवं अभिनेत्री पूनम पांडे का सर्वाइकल कैंसर से शुक्रवार को निधन हो गया। वह 32 वर्ष की थी। पूनम की मैनेजर निकिता शर्मा ने इस खबर की पुष्टि की है। निकिता ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पोस्ट में लिखा, यह सुबह हमारे लिए कठिन है। मुझे आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमने सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी प्यारी पूनम को खो दिया है। वह अपने संपर्क में आने वालों से प्रेम से मिलती रही।

हम उसे उनकी हर बात के लिए प्यार से याद करेंगे। वर्ष 2011 में किंगफिशर कैलेंडर में शामिल मॉडलों में पूनम भी शामिल थीं। अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए जानी जाने वाली पूनम को आखिरी बार कंगना रनौत के होस्ट वाली रियलिटी टीवी शो 'लॉक अप' में देखा गया था।

एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे की सर्वाइकल कैंसर से मौत हो गई। वह 32 साल की थीं। इसके बाद डॉक्टरों ने कहा है कि सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन भारतीयों के लिए जरूरी है। सर्वाइकल कैंसर भारतीय महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है, जो इस जनसांख्यिकीय समूह में होने वाले सभी कैंसर का लगभग 18 प्रतिशत है। द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर के हर पांच में से एक या 21 प्रतिशत मामले भारत में होते हैं। देश में लगभग हर चार में से एक यानी 23 प्रतिशत मौत का कारण कैंसर है। फरीदाबाद में मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स के सीनियर कंसल्टेंट और एचओडी-ऑन्कोलॉजी डॉ. सनी जैन ने कहा, ''सर्वाइकल कैंसर का टीका (वैक्सीन) महिलाओं को एचपीवी वायरस से प्रेरित कार्सिनोमा सर्विक्स से बचाता है और उनकी रक्षा करता है। हमें खुशी है कि सरकार कैंसर की रोकथाम की दिशा में मजबूत प्रयास कर रही है। इसमें 9-14 वर्ष की लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शामिल है।''

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा था कि सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 साल की लड़कियों के टीकाकरण को बढ़ावा देगी। सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पेपिलोमावायरस से जुड़ा है और टीके इसे रोक सकते हैं। इसलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर से बचाने वाला टीका इस बीमारी के खिलाफ एक बहुत ही महत्वपूर्ण जीवन रक्षक उपाय है।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशासन के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।

# सात साल में मेरे लाडले के हाथ में होगा देश का नेतृत्व : चिन्मयानंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



शाहजहांपुर। पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद ने शुक्रवार को कहा कि सात साल में इस देश का नेतृत्व ऐसे व्यक्ति के हाथों में होगा जो मेरा लाडला होगा। यौन शोषण के मामले में साक्ष्य के अभाव में अदालत से दोषमुक्त किए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को यहां मुमुक्षु आश्रम के सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान चिन्मयानंद ने कहा कि देश बदल रहा है और आने वाला परिवर्तन निश्चित ही सकारात्मक होगा। सात साल के अंदर इस देश का नेतृत्व ऐसे व्यक्ति के हाथों में होगा जो मेरा लाडला होगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट नहीं किया कि उनका वह लाडला कौन होगा।

स्वामी ने यह भी कहा कि मैं जहां हूं, जितना हूं, बिना राजनीतिक पद के, बिना दायित्व के वह सभी काम मैं कर सकता हूं, जो एक राजनीतिक व्यक्ति कर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपना करीबी रिश्ता जाहिर करते हुए चिन्मयानंद ने कहा कि मैंने एक सफर में कहा था कि योगी आदित्यनाथ आप गोरखपुर को द्वारकापुरी बना रहे हैं तो मैं शाहजहांपुर को सुदामा पुरी बनाना चाहता हूं। चिन्मयानंद ने कहा मेरा सपना था और मैं संबंधों का लाभ शाहजहांपुर को देना चाहता था लेकिन नहीं दे सका।

उन्होंने नाम लिए बगैर अपने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिले को जो भी लाभ मिलने थे, उन्होंने वे खुद हासिल कर लिए, जबकि जनता को कम ही लाभ मिले हैं। अदालत के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हम न्यायालय का सम्मान करते हैं तथा आज हम सभी पापों से, आरोपों से तथा आक्षेपों से बरी हैं। उन्होंने कहा कि झूठे आरोप के जरिए हमारे कदमों को रोका गया लेकिन मैंने मुमुक्षु शिक्षा संकुल को स्वामी शुकदेवानंद राजकीय विश्वविद्यालय बनवाने की लड़ाई जारी रखी और इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के मौजूदा सत्र में इसे विश्वविद्यालय बनाने का प्रस्ताव पेश हो सकता है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि मैंने शिक्षा संस्थान को उच्च शिखर पर पहुंचाने की कोशिश की और न्यायालय ने भी मामलों में बरी करके उन लोगों की जुबान बंद कर दी जो हमें इस घृणित आरोप में अपमानित करने की कोशिश कर रहे थे। चिन्मयानंद ने कहा कि न्यूयॉर्क में एक पर्चा बांटा गया था जिसमें हमारा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फोटो लगाया गया था तथा इस दुराचार (जिस मामले में अदालत से बरी हुए) की पूरी कहानी लिखी गई थी।

उन्होंने कहा कि 2011 से मेरा पासपोर्ट जब्त कर लिया गया था जिसके चलते हम अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भाग नहीं ले पाते हैं जबकि हम प्रतिवर्ष कम से कम दो विदेश यात्राएं करते थे। चिन्मयानंद ने कहा कि हमें बदनाम करने के लिए हमारे विधि कॉलेज को निशाना बनाया गया और इस घृणित कार्य से इसकी छवि खराब करने तथा नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। गौरतलब है कि पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री तथा मुमुक्षु आश्रम के संस्थापक स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ उन्हीं के कॉलेज में पढ़ाने वाली उनकी एक शिष्या ने वर्ष 2011 में यौन शोषण का मामला दर्ज कराया था। चिन्मयानंद सरस्वती के अधिवक्ता फिरोज हसन खान ने 'पीटीआई-भाषा' को बृहस्पतिवार को बताया था कि स्थानीय सांसद-विधायक अदालत के अपर जिला न्यायाधीश एहसान हुसैन ने बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्य के अभाव में स्वामी चिन्मयानंद को बरी कर दिया है।

## आशीर्वाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



जैतारण जिला भूम्बलिया गांव निवासी पृथ्वीराज उपाध्याय के पुत्र एवं बेंगलूरु के सेनेटरीवेयर क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी महेंद्र उपाध्याय (जय माताजी एन्टरप्राइज) के अनुज चि. जितेंद्र का शुभ विवाह घनश्याम नाबरिया की पुत्री सौ.कां.दीक्षा के साथ 30 जनवरी को हर्षोल्लास से संपन्न हुआ जिसमें रिश्तेदारों, परिजनों के अलावा बेंगलूरु और राजस्थान से भी अनेक प्रतिष्ठितजन शामिल हुए। आहोर के विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने भी समारोह में शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।

# वर्तमान सुअवसर है भविष्य निर्माण के लिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां श्री श्वेतांबर स्थानक वासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में महावीर भवन अलसूर में आयोजित प्रवचन में विनयमुनि खींचन ने कहा कि प्रत्येक जीव को समान मात्रा में समय मिला है और वर्तमान एक सुअवसर हैं। स्वर्णिम अवसर है। यही हमारे भविष्य के निर्माण का मौका होता है। परंतु हम स्वयं को भूतकाल के संस्कारों से स्वयं को मुक्त नही कर पाते हैं और भविष्य की नकारात्मक कल्पनाओं से स्वयं की प्रगति को स्वयं ही रोक देते हैं। अनादि काल से हम यही करते आ रहे हैं।

मुनिश्री विनयजी ने कहा कि प्रत्येक समय अनमोल दुर्लभ और मूल्यवान होता है। हमे अपने वर्तमान को व्यवस्थित करना है। सच्चा साधक वर्तमान में रमण करता हैं और मात्र स्वयं को सुधारने की साधना करता हैं। सुंदर वर्तमान और श्रेष्ठ भविष्य के लिए भूत के सारे चिंतन से हमे मुक्त रहना चाहिए। आगे का विचार करने वाला ही विचक्षण होता है। बार बार भूत को कुरेदने के कारण ही अनेक सामाजिक भौगोलिक और राजनैतिक समस्याएं पनप रही है और संघर्ष थम नहीं रहा हैं। भूतकाल को देखने से कई बार मार्मिक प्रसंग बन जाते हैं। अलसूर जैन श्रावक संघ के मंत्री अभय कुमार बांठिया ने सभा का संचालन करते हुए बताया कि मुनिजी का शनिवार का प्रवचन महावीर भवन अलसूर में आयोजित रहेगा ।



# साइंस एक्सपो का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां साहुकारपेट के श्री बादलचंद शायरचंद चौरडिया जैन स्कूल के प्रांगण में दो दिवसीय साइंस एक्सपो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सविता इंस्टीट्यूशन की अनुसंधान विभाग एवं नवाचार विभाग की प्रमुख जुड़ी गोपाल ने किया।

इस मौके पर उनके साथ संस्थान के चिकित्सा एवं तकनीकी विज्ञान के प्राध्यापक डॉक्टर मणिकंडन मुत्तु संस्थान की सयुक्त सचिव पी तेनमोली चेल्वी, विद्यालय के पत्रचारक अजय चोरड़िया सचिव सुरेशचंद्र चोरड़िया, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद चौरडिया, कमेटी सदस्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मालिनी तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल एवं रोबोटिक प्रोजेक्ट की भूरीभूरी प्रशंसा की और विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।



# उत्तराखंड विधानसभा अगले सप्ताह यूसीसी के मसौदे पर चर्चा करेगी : धामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाली एक समिति द्वारा उन्हें सौंपे गए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मसौदे पर चर्चा के लिए विधानसभा का एक विशेष सत्र बुलाया गया है।

यहां उत्तराखंड सदन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए धामी ने कहा कि विशेष सत्र सोमवार से शुरू होगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, समिति ने आज चार खंड में यूसीसी के मसौदे के साथ लगभग 749 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी। इसे चर्चा के लिए छह फरवरी को राज्य विधानसभा में पेश किया जाएगा। धामी ने कहा कि राज्य का कानून विभाग और संसदीय कार्य विभाग भी समिति की रिपोर्ट और यूसीसी के मसौदे का अध्ययन करेगा।

यूसीसी के मसौदे पर चर्चा के बाद राज्य में इसे लागू करने के लिए विधेयक लाया जाएगा। धामी ने संवाददाताओं से कहा, हमने राज्य चुनावों के बाद यूसीसी लाने का वादा किया था। हम इसे पूरा करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने (भारतीय जनता पार्टी के) अपने शीर्ष नेतृत्व से प्रेरणा लेकर ऐसा किया है। धामी ने कहा, निश्चित रूप से यह अच्छे के लिए हो रहा है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि अन्य राज्य भी इसका अनुसरण करेंगे।

# अनाज वितरण में 'राजस्थानश्री' का हुआ स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** यहां वर्धमान साधार्मिक सेवा एवं जीव दया समिति की ओर से 229 वां 230 वां अनाज वितरण का कार्यक्रम 2 फरवरी को एएमकेएम मेमोरियल ट्रस्ट के प्रांगण में 150 साधार्मिक परिवारों को अनाज व खाद्य सामग्री, नमकीन पैकेट, साड़ी आदि का वितरण का आयोजन संस्था की अध्यक्ष कमला एस मेहता, महामंत्री ललिता सुराणा, कोषाध्यक्ष विमला चोरड़िया, सह कोषाध्यक्ष आरती नाहर संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा सामूहिक मंगलाचरण एवं पंच परमेष्ठी जाप के साथ वितरण किया गया। कमला मेहता ने सबका स्वागत करते हुए संस्था गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राजस्थान एसोसियेशन द्वारा 'राजस्थानश्री' अलंकरण से अलंकृत दिलीप धींग को संस्था संरक्षक सदस्य सज्जन राज मेहता, पारस संचेती अध्यक्ष कमला मेहता एवं पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। दिलीप धींग का परिचय पारस संचेती ने दिया। इस मौके पर समिति के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# डी के सुरेश को सांसद बने रहने का कोई हक नहीं : भाजपा

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता डी के सुरेश को एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है और साथ ही उसने आरोप लगाया कि वह खुलेआम भारत को तोड़ने की बात कर रहे हैं, जो कि देश की एकता व संप्रभुता की रक्षा करने की उनकी शपथ का उल्लंघन है।



भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, क्या राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता और संप्रभुता की धज्जियां उड़ाई जाएंगी। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा उनके सहयोगी दलों पर सुरेश की 'शर्मनाक और असंवैधानिक' टिप्पणियों पर 'चुप्पी' साधे रखने के लिए निशाना साधा। बेंगलूरु ग्रामीण से सांसद और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के भाई डी के सुरेश ने यह दावा कर विवाद खड़ा कर दिया है कि कर संग्रह में हिस्सेदारी के आवंटन में दक्षिणी राज्यों के साथ अन्याय हो रहा है। सुरेश ने बृहस्पतिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमारा कर का पैसा उत्तर भारत में वितरित किया जा रहा है, अगर हम इसकी निंदा नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है, जहां हमें एक अलग राष्ट्र की मांग करनी होगी। प्रसाद ने कहा कि चुनाव लड़ने से पहले और जीतने के बाद, कोई भी संविधान और देश की एकता और संप्रभुता के प्रति निष्ठा की शपथ लेता है।

'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद अब 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकले राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कथित तौर पर वह देश को एकजुट करने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन अब वह अपनी ही पार्टी के सांसद की टिप्पणियों से पल्ला झाड़ रहे हैं। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के नेता नियमित रूप से भाजपा पर संविधान का उल्लंघन करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तानाशाह कहकर उन्हें 'गाली' देने का काम करते हैं तथा आरोप लगाते हैं कि वह भविष्य में चुनाव नहीं होने देंगे, लेकिन उनके ही सांसद ने जब संविधान विरोधी टिप्पणी की है, तो विपक्षी नेताओं ने चुप्पी साध ली है।

# राज्यसभा में उठा छात्रों की आत्महत्या का मुद्दा, जागरुकता अभियान चलाने की मांग की गई

नई दिल्ली/भाषा। छात्रों की आत्महत्या का मुद्दा उठाते हुए राज्यसभा में शुक्रवार को कांग्रेस के एक सदस्य ने मांग की कि इस बारे में जागरुकता अभियान चलाया जाना चाहिए और शिक्षकों को भी समुचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे छात्रों को मानसिक दबाव और निराशा से बाहर निकाल सकें।

शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के राजीव शुक्ला ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह एक गंभीर समस्या है और इसे केवल सरकार या राज्य सरकारों के ऊपर ही नहीं डाला जा सकता। उन्होंने कहा, इसके लिए पूरे समाज को सोचना चाहिए। करीब 3,5000 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। इसकी वजह यह है कि कोई फेल हुआ या कोई अपेक्षित अंक नहीं ला पाया। शुक्ला ने कहा, प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने परीक्षा पे चर्चा में जिक्र किया कि माता-पिता भी छात्रों पर दबाव डालते हैं जिसकी वजह से छात्र मानसिक रूप से दबाव में आ जाते हैं।

उनके अनुसार, हाल ही में एक सर्वे में पता चला कि दबाव, असफलता का डर, मानसिक तनाव, समर्थन का अभाव, आर्थिक कारण सहित कुल सात कारक आत्महत्या की मुख्य वजह होते हैं। उन्होंने कहा, कोचिंग संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य के लिए विशेषज्ञ रखे जाने चाहिए। संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य के लिए विशेषज्ञ रखना अनिवार्य होना चाहिए। शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे छात्रों को निराशा के दौर से निकाल सकें। व्यापक स्तर पर जागरुकता अभियान चलाया जाना चाहिए। शुक्ला ने कहा ''साथ ही छात्रों को यह समझाया जाना चाहिए कि फेल होने से सब कुछ खत्म नहीं हो जाता। साथ ही फर्स्ट ऐड की व्यवस्था होना चाहिए।

भाजपा के नबाम रेबिया ने अरुणाचल प्रदेश के लिए प्रशासनिक अधिकारियों का एक अलग कैडर स्थापित किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का सबसे बड़ा राज्य अरुणाचल है लेकिन उसके पास प्रशासनिक अधिकारियों का कैडर नहीं है। उन्होंने कहा, वहां अधिकारियों का तबादला होता है और फिर वह चले जाते हैं जिससे राज्य के विकास पर असर पड़ता है।



# आराधना से ही आत्मा रूपी फूल खिल सकता है : आचार्य महेन्द्रसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हासन। यहां श्री आदिनाथ श्वेताम्बर संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरजी म. सा. ने शुक्रवार को अपने प्रवचन में कहा कि वर्तमान में जो भी समस्या है उसे हमें ही आज सुलझाना पड़ेगा। पहले क्या हुआ उसे भूलकर वर्तमान में जो हो रहा है उसका संज्ञान लेना पड़ेगा। हमें अज्ञानता और मूर्खता को लौटते हुए हमें वर्तमान में अच्छा कार्य करते हुए अच्छे सुनहरे भविष्य की कल्पना के साथ कार्य को अंजाम देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'अच्छे बीज अगर हम बोएंगे तो फल भी अच्छा ही प्राप्त होगा। आज हमें नफरत, अज्ञानता के पाप के बीच नहीं बोएंने हैं। आज दया, करुणा, दान, परोपकार, संयम, तप, सुसंस्कारों के बीज हमें डालेंगे तो फिर ही आत्मा में बेहतरीन खिला हुआ फूल हो सकता है और सारी दुनिया इसकी सुगंध ले रही होगी। आत्मा रूपी फूल को खिलाने के लिए साधना हमें आराधना की करनी होगी। आराधना हम सभी को करनी चाहिए।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के बनशंकरी स्थित अम्मा देवस्थान कविका लेआउट द्वारा आयोजित वार्षिक जात्रा महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में मारुति मेडीकल के महेन्द्र मुणोत ने देवी मां की विशेष पूजा अर्चना कर अन्नदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजकों ने मुणोत का सम्मान किया।

## दौरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मैसूरु। जीतो लेडीज विंग मैसूरु की सदस्यों ने टीनरसीपुरा की चावल मिल महावीर इंडस्ट्रीज का दौरा किया। चेयरपर्सन मोना भटेवरा, मुख्य सचिव रजनी डागलिया, उपाध्यक्ष सपना गांधी, खाजांची सरिता बागमार, संयुक्त सचिव मीनाक्षी कोठारी सहित अनेक सदस्याओं ने चावल मिल का दौरा किया। सुनील कुमार भटेवरा ने मिल की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.